S.O. 159.—In exercise of the powers conferred by section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby recognises the following Inspection Agencies for quality control and inspection of rubber gloves for electrical purposes prior to their export, namely:—

(1) Export Inspection Agency-Bombay, 'Aman Chambers' 113, M. Karve Road, Bombay-4.

(2) Export Inspection Agency-Calcutta, 'World Trade Centre', 14/1B, Ezra Street, Calcutta-1.

(3) Export Inspection Agency-Madras, 'World Trade Centre', 123, Mount Road, Madras-6.

(4) Export Inspection Agency-Delhi, 6B/9, Northern Extension Area, Rajinder Nagar, New Delhi-60.

(5) Export Inspection Agency-Cochin, Manohar Building, Mahatma Gandhi Road, Cochin-11.

Explanation.—In this notification "rubber gloves for electrial purposes" means all types of gloves made wholly of rubber, used for protection to workers from electrical shocks while working on energized conductors and equipments.

[No. 6(17)/71-EI&EP]

का. आ. 160.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, जूट उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1970 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का नाम जूट उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) संशोधन नियम, 1973 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. जूट उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1970 में,

(1) नियम 9 के उपनियम (5) में, अन्त में आने वाला 'तद्नुसार' शब्द के पश्चात निम्नलिखित अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—"उपनियम (1) के अधीन प्रज्ञापन और घोषणा की प्राप्ति की तारीख से तीन दिन के भीतर प्रज्ञापित करेगा",।

(2) नियम 11 में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्: "परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं हो जाता वहां वह तीन दिनों की उक्त अवधि के अन्दर ऐसा प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देगा और ऐसी इंकारी के कारण बताते हुए उसकी संसूचना निर्यातकर्ता को देगा।"

[सं. 6(18)/72 नि. नि. तथा नि. सं.]

S.O. 160.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Export of Jute Products (Quality Control and Inspection) Rules, 1970 namely:—

1. (1) These rules may be called the Export of Jute Products (Quality Control & Inspection) Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Export of Jute Products (Quality Control and Inspection) Rules, 1970,

(i) in sub-rule (5) of rule 9, after the word 'accordingly' occurring at the end, the following shall be inserted, namely:—

"within three days of the date of receipt of the intimation and declaration under sub-rule (1)";

(ii) In rule 11, the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that where the agency is not so satisfied it shall within the said period of 3 days refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporter alongwith the reasons thereof".

[No. 6(18)/72-EI&EP]

का. आ. 161.—यतः निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि इस्पात-तार के रस्सों का निर्यात के पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए।

और यतः केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे दिए गए विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उपनियम (2) द्वारा यथाउपेक्षित निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है,

अतः अब, उक्त उपनियम के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त प्रस्तावों को उनसे संभाव्यतः प्रभावित होने वाले जन साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है।

2. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव भेजने की वांछा करने वाला कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद् "वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर" 14/1 बी, एजरा स्ट्रीट (सातवीं मंजिल) कलकत्ता-1 को भेज सकेगा।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि इस्पात-तार के रस्से निर्यात के पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होंगे,

(2) इस आदेश के उपाबंध में दिए गए इस्पात-तार रस्से निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1973 के प्रारूप के अनुसार निरीक्षण के उस प्रकार को विनिर्दिष्ट करना जो ऐसे इस्पात-तार के रस्सों को लागू किया जाएगा,

(3) भारतीय या अन्य राष्ट्रीय मानकों को इस्पात-तार के रस्सों के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना,

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में, ऐसे किसी भी इस्पात-तार के रस्सों का निर्यात तब प्रतिषिद्ध करना, जब तक कि उसके साथ केन्द्रीय सरकार द्वारा, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त अभिकरणों में से किसी एक द्वारा दिया गया इस आशय का प्रमाणपत्र न हो कि इस्पात तार के रस्से निर्यात-योग्य हैं ।

3. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेता के लिए ऐसे इस्पात-तार के रस्सों के उन नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी, जिसका पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 1251 रुपये से अधिक न हो ।

4. इस आदेश में "इस्पात-तार रस्सों" से कर्षण, लपेटने, उत्तोलन, तेल-कूप बंधन या किसी अन्य सम्बंध प्रयोग के लिए प्रयुक्त, तंतु के क्रोड सहित या रहित, बटे हुए इस्पात तारों द्वारा विनिर्मित रस्से अभिप्रेत होंगे ।

उपाबंध

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण अधिनियम, 1963 की धारा 17 के अधीन बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप :—

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ.**—इन नियमों का नाम इस्पात-तार के रस्से निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1973 है ।

2. **परिभाषा.**—इन नियमों में इस्पात-तार रस्सों से कर्षण, लपेटन, उत्तोलन, तेल-कूप बंधन या किसी अन्य सहबद्ध प्रयोग के लिए तंतु के क्रोड सहित या रहित, बटे हुए इस्पात-तारों द्वारा विनिर्मित रस्से अभिप्रेत होंगे ।

3. **निरीक्षण का आधार.**—इस्पात-तार के रस्सों का निरीक्षण यह देखने के लिए किया जाएगा कि वे निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विनिर्देशों (जिनको इसके पश्चात मानक विनिर्देश कहा गया है) के अनुरूप हैं ।

4. **निरीक्षण की प्रक्रिया.**—(1) इस्पात तार के रस्सों के निर्यात का आशय रखने वाला निर्यात कर्ता ऐसा करने के अपने आशय की लिखित में सूचना के साथ ऐसे निर्यात से संबंधित संविदा में करार पाए गए विनिर्देशों के बारे में घोषणा, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन मान्यताप्राप्त निरीक्षण अधिकरणों में से किसी एक को, जिसे इसमें इसके पश्चात अभिकरण के रूप में कहा गया है, देगा, ताकि वह नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके तथा साथ ही साथ निरीक्षण के लिए सूचना की एक प्रति या तो 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर', 14/1 बी एज्रा स्ट्रीट, कलकत्ता-1, या अमन चैम्बर्स, 113 महर्षि कर्वे रोड, मुम्बई-4 या मनोहर बिल्डिंग, महात्मा गांधी, एर्नाकुलम कोचीन-11, या 6 बी 19 उ. वि. क्षे. राजिंदर नगर, नई दिल्ली-60 पर स्थित किसी निर्यात निरीक्षण परिषद् के निकटतम कार्यालय को भेज देगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना तथा घोषणा नीभरण की अनुमानित तारीख से कम से कम 10 दिन पहले दी जाएगी । जहां कहीं भी निर्यातकर्ता तथा अभिकरण द्वारा करार पाया गया हो, इस्पात तार रस्से, पैक किए बिना, निरीक्षण के लिए तैयार रखे जाएंगे

(3) उपनियम (2) के अधीन सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने पर अभिकरण, नियम 3 तथा निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा समय समय पर जारी किए गए निदेशों के अनुसार, निरीक्षण करेगा ।

(4) यदि निरीक्षण पर, अभिकरण की यह राय हो कि इस्पात तार के रस्से नियम 3 तथा इसके लिए निर्यात निरीक्षण परिषद्-द्वारा दिये गए आदेशों की उपेक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं, तो वह उपनियम (1) के अधीन सूचना तथा घोषणा की प्राप्ति की तारीख के तीन दिन के भीतर लिखित रूप में इसके अनुसार निर्यातकर्ता को सूचना देगा ।

(5) **निरीक्षण का प्रमाणपत्र.**—जब अभिकरण का समाधान हो गया है कि इस्पात-तार के रस्सों का परेषण नियम 3 की अपेक्षाओं का अनुपालन करता है तो वह अपनी सील से परेषण को सील करेगा तथा निरीक्षण के पूरा हो जाने के तीन दिन के भीतर परेषण को निर्यात-योग्य घोषित करते हुए, निर्यातकर्ता के प्रमाणपत्र देगा :

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं हुआ है, वहां तीन दिन की उक्त अवधि के भीतर ऐसा प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देगा तथा उसके लिए कारण बताते हुए निर्यातकर्ता को इस अस्वीकृति की सूचना देगा ।

5. **निरीक्षण का स्थान.**—इन नियमों के प्रयोजनों के लिए इस्पात-तार के रस्सों का निरीक्षण केवल विनिर्माता के परिसर पर किया जाएगा ।

6. **निरीक्षण फीस.**—इन नियमों के नियम 4 के अधीन इस्पात-तार के रस्सों के निरीक्षण के लिए ऐसे प्रत्येक परिषण के पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्यक के प्रति 100 रु. के लिए 0.50 पैसे की दर से फीस, जो कम से कम 100(सौ रूपए) होगी, निरीक्षण फीस के रूप में दी जाएगी ।

7. **अपील.**—(1) नियम 4 के उपनियम (5) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देने से व्यथित कोई व्यक्ति उसको ऐसे इंकार की सूचना मिलने के 10 दिन के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा, इस प्रयोजन के लिए यथा गठित कम से कम तीन व्यक्तियों के विशेषों के पैनल को अपील कर सकेगा ।

(2) ऐसी अपील पर पैनल का विनिश्चय अन्तिम होगा ।

[सं. 6120171-नि. नि. तथा नि. सं]

S.O. 161.—Whereas the Central Government is of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) that steel wire ropes should be subject to quality control and inspection prior to export;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objection or suggestion with respect to the said proposals may forward the same within thirty days of the date of publication of this order to the Export Inspection Council 'World Trade Centre' 14/1-B, Ezra Street, 7th floor, Calcutta-1.

Proposals

(1) To notify that steel wire ropes shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) To specify the type of inspection in accordance with the draft Export of Steel Wire Ropes (Inspection) Rules, 1973 set out in Annexure to this order as the type of inspection which shall be applied to such steel wire ropes;

(3) To recognise the Indian or other national standards as standard specifications for steel wire ropes;

(4) To prohibit the export, in the course of international trade, of any such steel wire ropes, unless the same are either accompanied by a certificate issued by any one of the Agencies recognised by the Central Government under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) to the effect that the steel wire ropes are export-worthy.

3. Nothing in this order shall apply to the export of samples of steel wire ropes to prospective buyers, the f.o.b. value of which does not exceed one hundred and twenty-five.

4. In this order "steel wire ropes" shall mean, ropes manufactured by standing steel wires, with or without fibre core, used for haulage, winding, hoisting, oil well drillings or for any other allied use.

ANNEXURE

Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963.

1. **Short title and commencement.**—These rules may be called the Export of Steel Wire Ropes (Inspection) Rules, 1973.

2. **Definition.**—In these rules 'steel wire ropes' shall mean, ropes manufactured by stranding steel wires, with or without fibre core, used for haulage, winding, hoisting oil well drillings or for any other allied use.

3. **Basis of Inspection.**—Inspection of Steel Wire Ropes shall be carried out with a view to seeing that the same conform to the specifications recognised by the Government under section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (hereinafter referred to as the standard specification).

4. **Procedure of Inspection.**—(1) An exporter intending to export steel wire ropes shall give intimation in writing of his intention so to do and submit along with such intimation the declaration as to the agreed specification of the export contract, to any one of the Inspection Agencies recognised under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) hereinafter referred to as the Agency, to enable it to carry out the inspection in accordance with rule 3 and shall simultaneously forward a copy of the intimation for inspection to the nearest office of the Export Inspection Council either at 'World Trade Centre', 14/1-B, Ezra Street, Calcutta-1 or at 'Aman Chambers', 113, Maharshi Karve Road, Bombay-4 or at Manohar Buildings, Mahatma Gandhi Road, Ernakulam, Cochin-11 or at 6B/9, Northern Extension Area, Rajinder Nagar, New Delhi-60.

(2) Every intimation and declaration under sub-rule (1) shall be given not less than ten days before the expected date of shipment. The consignment of steel rope wires shall be kept ready for inspection without being packed wherever agreed to by the exporter and the Agency.

(3) On receipt of the intimation and declaration under sub-rule (2), the Agency shall carry out the inspection of steel rope wires in accordance with rule 3 and the instruction in this behalf issued by the Export Inspection Council from time to time.

(4) If on inspection, the Agency is of opinion that the steel wire ropes do not comply with the requirements of rule 3 and the instructions issued in this behalf by the Export Inspection Council, it shall intimate the exporter accordingly in writing within three days of the date of receipt of the intimation and declaration under sub-rule (1).

(5) **Certificate of Inspection.**—When the Agency is satisfied that the consignment of steel wire rope complies with the requirements of rule 3, it shall seal the consignment with its seal and issue within three days of completion of inspection, a certificate to the exporter declaring that the consignment is export-worthy.

2. Provided that where the agency is not so satisfied it shall within the said period of three days refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporter alongwith the reasons therefor.

5. **Place of Inspection.**—Inspection of steel wire ropes for the purposes of these rules, shall be carried out only at the premises of the manufacturer.

6. **Inspection Fee.**—A fee at the rate of 50 paise for every one hundred rupees of the f.o.b. value of each such consignment, subject to a minimum of Rs. 100/- shall be paid as inspection fee for inspection of steel wire ropes under rule 4 of these rules.

7. **Appeal.**—(1) Any person aggrieved by the refusal of the Agency to issue a certificate under sub-rule (5) of rule 4, may, within ten days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three persons, as may be constituted for the purpose by the Central Government.

(2) The decision of the panel on such appeal shall be final.

[No. 6/20/71-EI & EP]

का. आ. 162.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारत सरकार के भूतपूर्व वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 358, तारीख 28 जनवरी, 1966 के साथ प्रकाशित कतीरा (गम कराया) निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1965 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. इन नियमों का नाम कतीरा (गम कराया) निर्यात (निरीक्षण) संशोधन नियम, 1973 है।

2. कतीरा (गम कराया) निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1965 में, अंकों (1) नियम 1 के उपनियम (1) और (2) में "1965" के स्थान पर "1966" अंक रखे जाएंगे,

(2) नियम 6 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"6. निरीक्षण फीस इन नियमों के अधीन निरीक्षण के लिए प्रभार्य फीस, कतीरा (गम कराया) के प्रत्येक 50 किलोग्राम या उसके भाग के लिए 0·75 पैसे होगी, जो प्रत्येक परेषण के लिए निम्नतम 20 रु. के अधीन होगी।

[सं. 6(21)/72-नि. नि. तथा नि. सं.]

S.O. 162.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Export of Gum Karaya (Inspection) Rules, 1965, published with the notification of the Government of India in the Late Ministry of Commerce No. S.O. 358 dated the 28th January, 1966, namely :—

1. These rules may be called the Export of Gum Karaya (Inspection) Amendment Rules 1973.

2. In the Export of Gum Karaya (Inspection) Rules, 1965,

(i) in sub-rule (1) and (2) of rule 1, for the figures "1965", the figures "1966" shall be substituted·

(ii) for rules 6, the following rule shall be substituted, namely :

"6. **Inspection fee**—The fees chargeable for inspection under these rules shall be 0.75 paise for every 50 kg. or part thereof of the Gum Karaya, subject to a minimum of Rs. 20 for each consignment.

[No. 6 (21)/72-EI&EP]

का. आ. 163.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, इस्पात नलियां और नलिकाकार निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1970 में और संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम 'इस्पात नलिया' और नलिकाकार निर्यात (निरीक्षण) संशोधन नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. इस्पात नलियों और नलिकाकार निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1970 के नियम 4 के उपनियम (4) में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं हो पाता है, वहां वह 24 काम के घंटों की उक्त अवधि के अन्दर ऐसा प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देगा और ऐसी इंकारी के कारण बताते हुए उसकी संसूचना निर्यातकर्ता को देगा ।"

[सं. 6(24)/72-नि. नि. तथा नि. सं.]

एम. के. बी. भटनागर, उप-निदेशक (निर्यात संवर्द्धन)

S.O. 163.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules, further to amend the Export of Steel Tubes and Tubulars (Inspecaion) Rules, 1970, namely:

1. (1) These rules may be called the Export of 'Steel Tubes and Tubulars (Inspection) Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In rule 4 of the Export of Steel Tubes and Tubulars (Inspection) Rules, 1970 to sub-rule (4) the following proviso shall be added, namely :—

"Provided that where the agency is not so satisfied it shall within the said period of 24 working hours refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporter alongwith the reasons therefor."

[No. 6(24)/72-EI&EP]

M. K. B. BHATNAGAR, Dy Director.

(संयुक्त-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय)

बम्बई, 20 जुलाई, 1972

आदेश

का. आ. 164.—सर्वश्री आर. के. इंडस्ट्रीज, चेतीपुरा पुलिस स्टेशन के पीछे, औरंगाबाद को (1) मोटाई में 5 मि. मी. से कम पी. क्यू. एम. एस. बी. पी./सी. आर. सी. ए. शीट्स (2) मोटाई में 5 मि. मी. और इससे अधिक स्किल्ड या सेमि-स्किल्ड मात्राओं वाली पी. क्यू. एम. एस. प्लेट्स के आयात के लिए लाइसेंस संख्याएं पी/ए/8025577/सी/एक्स, (2) पी/ए/8025578/सी/एक्स, (3) पी/ए/8025579/सी/एक्स सब का दिनांक 9-3-1971 मूल्य क्रमशः (1) 10,000 रु. (2) 10,667 रु. और (3) 11,333 रु. निम्नलिखित शर्तों के अधीन जारी किए गए थे :—

"यह लाइसेंस इस शर्त के अधीन जारी किया जाता है कि इसके अधीन आयात किए गए माल की सब मदों का उपयोग केवल लाइसेंसधारी के उस कारखाने में किया जाएगा जिसका पता उस आवेदनपत्र में दिया गया है जिसके आधार पर यह लाइसेंस जारी किया गया है, और माल का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा जिसके लिए लाइसेंस जारी किया गया है अथवा निर्माण करने वाले दूसरे एकक के कारखाने में माल संसाधित किया जा सकता है परन्तु उसका कोई भाग दूसरी पार्टी को न तो बेचा जाएगा न दूसरी पार्टी द्वारा उपयोग किया जाएगा और न किसी दूसरे तरीके से उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी । लेकिन दूसरे के कारखाने में इस प्रकार संसाधित किए गए माल का उपयोग लाइसेंसधारी द्वारा नियंत्रित निर्माण क्रिया में किया जाएगा । लाइसेंसधारी लाइसेंस के आधार पर आयात किये गए माल के उपभोग और उपयोग का उचित लेखा निर्धारित रीति से रखेगा और उस लेखे को प्रायोजक प्राधिकारी या किसी दूसरे संम्बद्ध प्राधिकारी को ऐसे समय के भीतर प्रस्तुत करेगा जो उस प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट किया जाए ।"

2. उसके बाद उनको एक कारण बताओ नोटिस सं. 1/86/71/आई एंड एस/एन्फ दिनांक 31-7-71/9-8-71 यह पूछते हुए जारी किया गया था कि 15 दिनों के भीतर वे इसका कारण बताएं कि उनको प्रदान किए गए उक्त लाइसेंस इस आधार पर क्यों न रद्द कर दिए जाएं कि धारा 9, उप धारा (सी सी) की शर्तों के अनुसार उन्होंने कारखाना लगाने के स्थान की भूमि प्राप्त करने और यूनिट स्थापित करने के लिए अपेक्षित मशीनरी प्राप्त करने के लिए कोई निश्चित व्यवस्था नहीं की ।

3. पूर्वोक्त कारण बताओ नोटिस के प्रत्युत्तर में सर्वश्री आर. के. इंडस्ट्रीज औरंगाबाद ने अपने पत्र दिनांक 21-8-1971 द्वारा यह उल्लेख करते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया है कि उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र औरंगाबाद में एक प्लाट प्राप्त कर लिया है और दस्ती औजारों सहित 4000 रु. के मूल्य की मशीनरी भी उनके पास है ।

4. अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अभ्यावेदन की ध्यानपूर्वक जांच कर ली है और इस परिणाम पर पहुंचा है कि सर्वश्री आर. के. इंडस्ट्रीज, औरंगाबाद ने अपने उद्योग को चालू करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए और उनके पास 4000 रु. की मशीनरी भी नहीं है और इसलिए विषयाधीन लाइसेंस जिन उद्देश्यों के लिए प्रदान किए गए हैं उनको पूरे नहीं करेंगे ।

5. पिछली कंडिका में जो कुछ कहा गया है उसको ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द कर देने चाहिएं या अप्रभावी समर्पित कर देने चाहिएं । इसलिए, अधोहस्ताक्षरी आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 9 उप धारा (सी सी) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्वश्री आर. के. इंडस्ट्रीज, चेतीपुरा पुलिस स्टेशन के पीछे, औरंगाबाद को जारी किए गए लाइसेंस संख्याएं पी/ए/8025577, पी/ए/8025578 और पी/ए/8025579 सबका दिनांक 9-3-1971 मूल्य क्रमशः (1) 10,000 रु. (2) 10,667 रु. और (3) 11,333 रु. को एतद् द्वारा रद्द करता है ।

[सं. 1/86/711आई एंड एस/एन्फ./1378]

बी. सी. बनर्जी, उप मुख्य नियंत्रक.

(Office of the Joint Chief Controller of Imports & Exports)

Bombay, the 20th July, 1972

ORDER

S.O. 164.—Licences Nos. PA/8025577/C/X, (2) PA/802578/C/X, (3) PA/8025579/CX all dated 9-3-1971 of the value of Rs. 10,000/- (2) Rs. 10,667/- and Rs. 11,333/- respectively for import of (1) P.Q.M.S.B.P./C.R.C.A. Sheets below 5 m.m. in thickness (2) P.Q.M.S. Plate skilled or semi skilled quantities in thickness 5 mm and above were issued to M/s. R. K. Industries, Behind Chetipura Police Station, Aurangabad subject to the conditions as under:—

"this licence is issued subject to the condition that all items of goods imported under it shall be used only in the licence holder's factory, at the address shown in the application against which the licence is issued; and for the purpose for which the licence is issued or may be processed in the factory of another manufacturing unit, but no portion thereof shall be sold to any other party or utilised or permitted to be utilised in any other manner. The goods so processed in another factory shall however, be utilised in the manufacturing process undertaken by the licencee. The licencee shall maintain a proper account of consumption and utilisation of the goods imported against the licence in the prescribed manner and produce such account to the sponsoring authority or any other concerned authority within such time as may be specified by such authority".

2. Thereafter, a show cause notice No. 1/86/71/I&S/Enf/ dated 31-7-1971/9-8-1971 was issued asking them to show cause within 15 days as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that they have not made any firm arrangement for securing land factory premises and required machinery for setting up the unit in terms of Clause 9, sub-clause (cc).

3. In response to the aforesaid show cause notice, M/s. R. K. Industries, Aurangabad had, by their letter dated 21-8-1971 furnished a detailed explanation stating that they have secured one Plot in the Industrial Area Aurangabad and also possess machineries worth Rs. 4,000/-, including hand tools.

4. The undersigned has carefully examined the said representation and has come to the conclusion that M/s. R. K. Industries, Aurangabad have not taken effective steps to start their Industry and they are also not having existing machinery worth Rs. 4,000/- and hence the licences in question will not serve the purposes for which they have been granted.

5. Having regard to what has been stated in the preceeding paragraph, the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned, in exercise of the powers vested in his under Clause 9 sub-clause (cc) of the Imports (Control) Order 1955 hereby cancel the licences Nos. P/A 8025577, P/A-8025578 and P/A 8025579 all dated 9-3-1971 for Rs. 10.000/- (2) Rs. 10.667/- and Rs. 11.333/-issued in favour of M/s. R. K. Industries, Behind Chetipura Police Station, Aurangabad.

[No. 1/86/71/I&S/Enf/1378]

B. C. BANERJEE, Dy. Chief Controller.

औद्योगिक विकास मंत्रालय

(पेटेन्ट नियम)

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1972

का. आ. 165[301(ङ)].—यतः पेटेन्ट नियमों का प्रारूप, पेटेन्ट अधिनियम 1970 (1970 का 39) की धारा 159 की उपधारा (3) द्वारा यथापेक्षित भारत सरकार के उद्योग विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. 5246, तारीख 25 नवम्बर 1971 के साथ भारत के असाधारण राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उप-खण्ड (2), तारीख 25 नवम्बर 1971 के पृष्ठ 3167 से 3226, 1 तक प्रकाशित किया गया था,

और यतः एतद्द्वारा सम्भावयतः प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव 25 जनवरी 1972 तक आमंत्रित किये गये थे;

और यतः पेटेन्ट नियमों का प्रारूप उक्त राजपत्र द्वारा जनता को 25 नवम्बर 1971 को उपलब्ध कर दिया गया था ,

और यतः आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के प्रयोजनार्थ उपयुक्त विनिर्दिष्ट तारीख 14 फरवरी, 1972 तक, भारत सरकार के, उद्योग विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 89 इ., तारीख 2 फरवरी, 1972, जो भारत के असाधारण राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (2) तारीख 2 फरवरी, 1972 के पृष्ठ 229 पर प्रकाशित हुई थी, बढा दी गई है ।

और यतः तारीख 2 फरवरी 1972 के उक्त राजपत्र द्वारा अधिसूचना जनता को उपलब्ध करा दी गई थी ,

और यतः उक्त नियम के बारे में जनता से प्राप्त आक्षेप और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था :

अतः अब, पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) की धारा 159 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

पेटेन्ट नियम, 1972

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पेटेन्ट नियम, 1972 ।

(2) इन नियमों में जैसा अन्यथा उपबन्धित है उसके सिवाए, ये नियम 1972 की अप्रैल के बीसवें दिन को प्रवृत्त होंगे :

परन्तु नियम 21, नियम 49 से लेकर 53 तक, नियम 73 तथा नियम 93 से लेकर 105 तक जिनका अधिनियम की क्रमशः धारा 12 की उपधारा (2), धारा 13 की उपधारा (2), धारा 28, धारा 68 तथा धारा 125 से लेकर 132 तक से सम्बन्ध है, उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसको उपधारा ए प्रवृत्त की जाएगी ।

2. **परिभाषाएं** : जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो इन नियमों में,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है पेटेन्ट अधिनियम 1970 (1970 का 39),

(ख) "समुचित कार्यालय" से अभिप्रेत है नियम 4 में तथा विनिर्दिष्ट कार्यालय का समुचित कार्यालय ,

(ग) "वस्तु" के अन्तर्गत कोई भी पदार्थ या सामग्री और कोई भी संयंत्र, मशीनरी या साधित्र भले ही वह भूमी में लगे हों या न लगे हों,

(घ) "प्ररूप" से अभिप्रेत है द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररूप ,

(ङ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों की अनुसूची ,

(च) "धारा" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा;

(छ) जो शब्द और पद इन नियमों में प्रयुक्त हैं लेकिन इनमें परिभाषित नहीं हैं उनके क्रमशः वही अर्थ होंगे जो इस अधिनियम में दिए गए हैं ।

3. **विहित विशिष्टियां** : इन नियमों में जैसा अन्यथा उपबन्धित है उसके सिवाए, प्ररूप में अन्तर्विष्ट विशिष्टियों को, अधिनियम के सुसंगत कोई है, एतद्द्वारा विहित किया जाता है।

4. **समुचित कार्यालय** : (1) पेटेन्ट कार्यालय का समुचित कार्यालय—

(1) धारा 43, 44, 51, 52, 60, 65, 68, 125, 153 तथा 154 के अधीन कार्यवाहियों से भिन्न अधिनियम के अधीन सभी कार्यवाहियों के लिए, यथास्थिति पेटेन्ट कार्यालय का मुख्यालय या शाखा कार्यालय होगा जिसकी क्षेत्रीय सीमाओं में—

(क) पेटेन्ट के लिए आवेदक निवास करता है या उसके कारबार या अधिवास का मुख्य स्थान है, या

(ख) यदि आवेदन दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम में संयुक्त रूप से दिया गया हो तो सर्वप्रथम उल्लिखित नाम वाला पेटेन्ट के लिए आवेदक जहां निवास करता है या उसके कारबार या अधिवास का मुख्य स्थान है, या

(ग) यदि भारत में आवेदक का अथवा कार्यवाही के पक्षकार का कारबार या अधिवास का कोई स्थान न हो तो पेटेन्ट के लिए उस आवेदक के अभिकर्ता का या उक्त पक्षकार का कारबार का जहां मुख्य स्थान है; तथा

(2) धारा 43, 44, 51 52, 60, 65, 68, 125, 153 तथा 154 के अधीन कार्यवाहियों के लिए पेटेन्ट कार्यालय का मुख्यालय होगा।

(2) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जब तक शाखा कार्यालय धारा 74 की उपधारा (3) के उपबन्धों के अनुसार स्थापित न किए जाएं तब तक के लिए अधिनियम के अधीन सभी कार्यवाहियों के लिए समुचित कार्यालय कलकत्ता के पेटेन्ट कार्यालय का मुख्यालय होगा।

5. **तामील के लिए पता**—प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो अधिनियम या इन नियमों से सम्बन्धित कार्यवाहियों से सम्बन्धित है और प्रत्येक पेटेन्टधारी भारत में तामील के लिए एक पता नियंत्रक को देगा और ऐसी कार्यवाहियां या पेटेन्ट से सम्बन्धित सभी प्रयोजनों के लिए वही पता उन कार्यवाहियों से सम्बन्धित व्यक्ति या पेटेन्टधारी का पता माना जा सकेगा। ऐसा पता न दिए जाने तक नियंत्रक पर यह बाध्यता नहीं होगी कि वह किसी भी कार्यवाही या पेटेन्ट पर कार्यवाही करे या उससे व्यौहार करे अथवा अधिनियम या इन नियमों के आधीन दी जाने के लिए अपेक्षित कोई सूचना भेजे।

6. **दस्तावेज छोड़ना तथा उनकी तामील** : (1) अधिनियम या इन नियमों के अधीन पेटेन्ट कार्यालय में या नियंत्रक अथवा किसी अन्य व्यक्ति के पास दाखिल किए जाने, छोड़े जाने या इसे दिये जाने के लिए प्राधिकृत या अपेक्षित कोई आवेदन, सूचना या अन्य दस्तावेज वाहक द्वारा या डाक द्वारा समुचित कार्यालय के पते पर नियंत्रक को या उस व्यक्ति को भेजी जा सकेगी और डाक द्वारा भेजे जाने पर उन्हें उस समय दाखिल किया गया, छोड़ा गया या दिया गया समझा जाएगा जिस समय वह पत्र जिसमें वह आवेदन, सूचना या दस्तावेज है, डाक के मामूली अनुक्रम में परिदत्त कर दिया गया होता। ऐसे भेजने को साबित करने के लिए इतना साबित करना काफी होगा कि उचित पता लिखकर पत्र डाक में डाल दिया गया था।

(2) पेटेन्टधारी को, पेटेन्ट रजिस्टर में लिखे हुए उसके पते पर अथवा नियम 5 के अधीन दिए गए तामील के लिए उसके पते पर अथवा अधिनियम या इन नियमों के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों में किसी आवेदक या विरोधी को उस आवेदन या विरोध की सूचना में दिए गए अथवा तामील के लिए दिये गए पते पर भेजी गई किसी लिखित संसूचना के बारे में यह समझा जाएगा कि उस पर उचित रूप से पता लिखा गया है।

7. **फीसः**—(1) पेटेन्ट दिए जाने के लिए और तदर्थ आवेदन के लिए तथा अन्य विषयों के लिए जिनके लिए अधिनियम के अधीन फीसें दी जानी अपेक्षित हैं, दी जानेवाली फीसें प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट के अनुसार होंगी।

(2) (क) अधिनियम के अधीन दी जानेवाली फीसें नकद दी जा सकेंगी या समुचित कार्यालय पर नियंत्रक को देय मनीआर्डर या पोस्टल आर्डर द्वारा या नियंत्रक को देय ऐसे अनुसूचित बैंक को, जो उस स्थान में स्थित हो जहां कि समुचित कार्यालय स्थित है, लिखे गए बैंक ड्राफ्ट या चैंक द्वारा फीसों को मनीआर्डर से भेजे जाने पर या ड्राफ्ट या चैंक को डाक द्वारा भेजे जाने पर यह समझा जाएगा कि फीसें उस तारीख को दी गई हैं जिस तारीख को वह मनीआर्डर या ड्राफ्ट या चैंक नियंत्रक के पास डाक के मामूली अनुक्रम में पहुंच गया होता।

(ख) जिन चैंकों या ड्राफ्टों में कमीशन की सही रकम सम्मिलित न हो उसको तथा ऐसी चैंकों को जिनके आधार पर उनमें विनिर्दिष्ट पूरी रकम, फीसों के संदाय के लिए अनुज्ञात समय के भीतर, नकद वसूल नहीं की जा सकती है, नियंत्रक के विवेक पर ही स्वीकार किया जाएगा।

(ग) अधिनियम के अधीन संदेय किन्हीं फीसों को चुकाने में स्टाम्प नहीं लिये जाएंगे।

(घ) जब किसी दस्तावेज के दाखिल किए जाने के लिए फीस दी जानी हो तो जिस तारीख को पूरी फीस दी गई हो वह तारीख उस दस्तावेज के दाखिल करने की तारीख समझी जाएगी।

(ङ) जब किसी व्यक्ति द्वारा दी गई कोई फीस नियंत्रक द्वारा अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों के अधीन वापस की जानी हो तब वह रकम मनीआर्डर द्वारा भेजी जा सकेगी और भेजी जानेवाली रकम में से उसके लिए देय कमीशन काट दी जाएगी।

8. **प्ररूपः**—(1) द्वितीय अनुसूची में दिए गए प्ररूपों का ऐसे फेरफारों सहित, जिनकी प्रत्येक मामले की परिस्थितियां अपेक्षा करें, उनमें वर्णित प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया जाएगा।

(2). जहां किसी प्रयोजन के लिए कोई भी प्ररूप इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो वहां आवेदक द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी प्ररूप को ऐसे उपान्तरों और फेरफारों सहित जिनकी नियंत्रक अनुज्ञा दे, अपना सकेगा।

9. **दस्तावेज का आकार आदिः**—(1) पेटेन्ट कार्यालय को भेजे गए या उसमें छोड़े गये या नियंत्रक को अन्यथा दिए गए, शपथ-पत्रों और रेखाचित्रों को छोड़कर, सभी दस्तावेज और उनकी प्रतियां (जब तक कि नियंत्रक अन्यथा निदेश या अनुज्ञा न दे) अंग्रेजी भाषा में बड़े और सुवाच्य अक्षरों में पक्की अमिट स्याही में और पंक्तियों के बीच में काफी जगह छोड़कर केवल एक तरफ ही मजबूत सफेद कागज पर होंगी जो लगभग 33 से. मी. × 20.50 से. मी. (13"×8") या 29.7 से. मी.× 21 से. मी. 4⅔"×8⅓") का होगा और जिसमें कम से कम 4 से. मी. (डेढ़ इंच) का हाशिया उसके बाईं तरफ छूटा हुआ होगा। किसी हस्ताक्षर के सुवाच्य न होने पर या अंग्रेजी से भिन्न लिपि में लिखे होने पर उसके साथ में बड़े अक्षरों में अंग्रेजी में उसके नाम का लिप्यान्तरण भी लिखा गया होगा।

(2) यदि नियंत्रक ऐसी अपेक्षा करे तो सभी दस्तावेजों की अतिरिक्त प्रतियां समुचित कार्यालय में दाखिल की जाएंगी ।

(3) आवेदकों और अन्य व्यक्तियों के नाम और पते पूरे पूरे दिए जाएंगे और उनके साथ उनकी राष्ट्रीयता और ऐसी अन्य विशिष्टियां, यदि कोई हों, जो पहचान के लिए आवश्यक हों, भी दी जाएंगी ।

10. **दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और उनका सत्यापन** :—अधिनियम की धारा 128 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों पर नीचे तारीख दी जाएगी और हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा उनमें यह कथन होगा कि उनमें कथित तथ्य और बातें उक्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करनेवाले व्यक्ति की सर्वोत्तम जानकारी, सूचना और विश्वास के अनुसार सही हैं ।

अध्याय 2

पेटेन्टों के लिए आवेदन

11. **वह अवधि जिसके भीतर आवेदन करने के अधिकार का सबूत दिया जाएगा**:—जहां पेटेन्ट के लिए कोई आवेदन आविष्कार के लिए पेटेन्ट के लिए आवेदन करने के लिए आवेदन करने के अधिकार के किसी समनुदेशन के आधार पर किया जाए वहां यदि आवेदन के साथ इस बात का सबूत न दिया गया हो कि आवेदन करने का अधिकार है तो आवेदक ऐसा आवेदन दाखिल करने के पश्चात् तीन मास की अवधि के भीतर ऐसा सबूत देगा ।

12. **आवेदन अभिलिखित करने का क्रम** :—किसी एक वर्ष में किए गए आवेदनों को आवली के रूप में रखा जाएगा और ऐसे दाखिल करने के वर्ष से उनकी पहचान होगी ।

13. **विदेशी आवेदनों के बारे में विवरण और बचनबन्धकता**:—(1) धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन पेटेन्ट के लिए आवेदक द्वारा दाखिल किए जाने के लिए अपेक्षित विवरण और बचनबन्ध प्ररूप 4 में दिया जाएगा ।

(2) वह समय, जिसके भीतर पेटेन्ट के लिए आवेदक धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अपने द्वारा दिए जानेवाले बचनबन्ध में भारत से बाहर किसी देश में दाखिल किए गए अन्य आवेदनों की बाबत ब्यौरों की जानकारी नियंत्रक को देगा, ऐसे दाखिल की तारीख से तीन मास होगा ।

14. **विनिर्देश** :— (1) प्रत्येक विनिर्देश भले ही वह अंतिम हो या सम्पूर्ण, अविष्कार के नाम, आवेदन में दिए गए आवेदक के नाम, राष्ट्रीयता और पते के साथ आरम्भ होगा और आवेदक या उसके अभिकर्ता द्वारा उसके अंत में हस्ताक्षर किए जाएंगे और उसके नीचे तारीख दी जाएगी ।

(2) अतिरिक्त के पेटेन्ट की बाबत विनिर्देश में, यथास्थिति, मुख्य पेटेन्ट के या मुख्य पेटेन्ट के आवेदन के संख्यांक का निर्देश होगा और यह स्पष्टतः कथन होगा कि आविष्कार में दिए गए या आवेदन किए गए मुख्य पेटेन्ट के विनिर्देश में दावाकृत अविष्कार में कोई सुधार या उसका उपान्तर समाविष्ट है ।

(3) जहां आविष्कार रेखाचित्रों द्वारा वर्णित किया जा सकता है वहां ऐसे रेखाचित्र नियम 16 से 19 के उपबन्धों के अनुसार तैयार किए जाएंगे और उन्हें साथ दिया जाएगा तथा उस विनिर्देश में विस्तारपूर्वक निर्दिष्ट किया जाएगा ।

परन्तु सम्पूर्ण विनिर्देश की दशा में यदि आवेदक अपनी अनंतिम विनिर्देश के साथ दिए गए रेखाचित्रों को सम्पूर्ण विनिर्देश के रेखाचित्रों के रूप में या उनके भाग के रूप में अंगीकार करना चाहता हो तो सम्पूर्ण विनिर्देश में उनको इस प्रकार निर्दिष्ट कर देना पर्याप्त होगा कि वे वही हैं जो अनंतिम विनिर्देश के साथ दिए गए हैं ।

(4) नियंत्रक की राय में जो बात आविष्कार को स्पष्ट करने के लिए विसंगत या आवश्यक है उसे शीर्षक, वर्णन, दावों अथवा रेखाचित्रों से निकाल दिया जाएगा ।

(5) ऐसे आवेदन (अभिसमय आवेदन से भिन्न) की दशा में के सिवाय जिसके साथ सम्पूर्ण विनिर्देश है, आविष्कार के कार्य की घोषणा सम्पूर्ण विनिर्देश के साथ प्ररूप 6 में या सम्पूर्ण विनिर्देश दाखिल किए जाने की तारीख से 3 मास समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय, जैसा कि नियंत्रक प्ररूप 7 में किए गए आवेदन पर अनुज्ञात करे, दाखिल की जाएगी ।

15. **विनिर्देश में संशोधन**:—(1) आवेदक या उसके अभिकर्ता को जब कोई अनंतिम या सम्पूर्ण विनिर्देश या उसके साथ का कोई रेखाचित्र संशोधन के लिए प्राप्त हो तब यथासंभव उनमें आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे । यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त बात उन पृष्ठों को, जो एक ही दस्तावेज के रूप में हों, पुनः लिखकर अन्तर्विष्ट की जा सकेगी । उक्त दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज में संशोधन स्लिप चिपकाकर या पाद टिप्पण लिखकर या हाशिये में लिखकर नहीं किए जाएंगे ।

(2) संशोधित दस्तावेज रद्द पृष्ठों या ऐसे चित्रों, यदि कोई हों, के सहित जिन्हें सम्यक् रूप से चिन्ह लगाकर रद्द किया गया है और जिन पर आवेदक या उसके अभिकर्ता ने आद्याक्षर कर दिए हों नियंत्रक को वापिस किए जाएंगे तथा पुनः टाइप किए गए या जोड़े गए किन्हीं पृष्ठों की और ऐसे किसी रेखाचित्र को जोड़ा गया हो या सारतः संशोधन किया गया हो, तीन तीन प्रतियां भेजी जाएंगी । संशोधन, परिवर्तनों या परिवर्तनों पर हाशिये में आवेदक या उसका अभिकर्ता आद्याक्षर करेगा ।

16. **रेखाचित्र**:—(1) नियंत्रक द्वारा की गई अपेक्षा पर दिये जाने से अन्यथा आवेदक द्वारा दिए गए रेखाचित्रों के साथ वे विनिर्देश होंगे जिनसे उनका संबंध है ।

(2) कोई भी ऐसा रेखाचित्र या रेखाकृति जो विनिर्देश के प्रेस-अक्षरों के छापे जाने के समय उसके प्रयोग के लिए विशेष उदाहरण की निर्मिति की अपेक्षा करेगा विनिर्देश में दर्शित नहीं की जाएगी ।

(3) रेखाचित्र सपाट रूप में दिए जाएंगे या इस प्रकार लपेटे जाएंगे कि उनमें सलवट न पड़ें ।

(4 रेखाचित्र की कम से कम एक प्रति प्रत्युत्पादन के लिए यथोचित होगी और उस प्रयोजन के लिए उसे ट्रेसिंग क्लाथ या पारदर्शी या अपारदर्शी पत्र अथवा पलास्टिक्स या रेशेदार कांच की बनी परत पर तैयार किया जाएगा ।

(5) फोमवाले रेखाचित्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

17. **जिस कागज पर रेखाचित्र दिए जाएंगे उसका आकार आदि**:—(1) रेखाचित्र ऐसे पत्रों पर होंगे जो ऊपर से नीचे तक 33.00 से. मी. (करीब 13 इंच) और चौड़ाई में 20.50 से. मी. या 41.00 से. मी. (8 इंच या 16 इंच) होंगे, कम चौड़े पत्र अधिमान्य होंगे । पत्रों के किनारों से 1.50 से. मी. (लगभग आध इंच) का स्पष्ट हाशिया छोड़ा जाएगा ।

(2) यदि छोटे आकार के पत्रों (33 से. मी. 20.50 से. मी.) में से किसी भी पत्र में दिखाई जा सकने वाली आकृतियों से अधिक आकृतियां हों तो ऐसे छोटे आकार वाले दो या अधिक पत्रों का

किसी बड़े आकार के पत्र के उपयोग पर अधिमान देकर उपयोग किया जाएगा । जब असाधारण रूप से बड़ी बड़ी आकृति बनानी हो तो उसे एक के बाद एक पत्र पर जारी रखा जाएगा और आवश्यकता होने पर कितने ही पत्रों का उपयोग किया जा सकेगा । आकृति को निरंतर और इस बात का ख्याल रखे बगैर कि कितने पत्रों का उपयोग किया गया है, से संख्या दी जाएगी । आकृतियां सुभिन्न रह सकें इसके लिए उनके बीच में प्रयाप्त स्थान रखा जायेगा ।

18. **रेखाचित्रों की विशिष्टियां :**

निम्नलिखित अपेक्षाओं के अनुसार रेखाचित्र तैयार किए जाएंगे अर्थात् :—

(क) रेखाचित्र अमिट काली स्याही से निष्पादित किए जाएंगे ।

(ख) प्रत्येक रेखा स्थिर रूप से और सम रूप से खींची जाएगी, भाली भांति स्पष्ट की जाएगी और निरन्तर एक सी मोटाई की होगी ।

(ग) खण्ड रेखाएं, प्रभाव के लिए रेखाएं या शेड के लिए रेखाएं यथा संभव कम होंगी और पास-पास नहीं खींची जाएंगी ।

(घ) शेड-रेखाएं चौड़ाई में रेखाचित्रों की साधारण रेखाओं से अत्याधिक विपरीत नहीं होंगी ।

(ङ) खण्ड और शेड ठोस काले या जलरंग (रोगन) से नहीं दिखाया जाएगा ।

(च) रेखाचित्र पर्याप्त रूप से बड़े मापमान पर होंगे ताकि आविष्कार को स्पष्टतः दिखाया जा सके और साधित्र, मशीन या अन्य बात का उसमें उतना ही भाग दर्शित जो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपेक्षित हो । यदि मापमान दिया गया हो तो उसे शब्दों में न बताकर खींच कर बताया जाएगा । रेखाचित्रों पर कोई भी लम्बाई चौड़ाई नहीं बतायी जाएगी ।

(छ) आकृतियों को पत्र की ऊपर और नीचे की स्थिति में सीधा खींचा जाएगा ।

(ज) वे निर्देश अक्षर और अंक तथा सूचक अक्षर, संकेत और अंक, जिनका उसके साथ-साथ प्रयोग किया गया हो मोटे और स्पष्ट टाइप के होंगे तथा ऊंचाई में 0.30 से. मी. (1 इंच) से कम नहीं होंगे । विभिन्न स्थितियों में उन्हीं भागों को दर्शित करने के लिए उन्हीं अक्षरों या अंकों का प्रयोग किया जाएगा जहां निर्देश अक्षर या अंक आकृति से बाहर दर्शित किए गए हों, वहां उन्हें उन भागों से जिनके प्रति उनका निर्देश हो, रेखाओं से जोड़ा जाएगा ।

19. **रेखाचित्रों के बारे में और विशिष्टियां :**

(1) रेखाचित्रों में —

(i) बांई तरफ ऊपर कोने में आवेदक का नाम दिया जाएगा ।

(2) दांयी तरफ ऊपर कोने में रेखाचित्रों के पत्रों की संख्या और प्रत्येक क्रमवर्ती संख्या दी जाएगी , तथा

(3) दांयी तरफ नीचे कोने में आवेदक या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर होंगे ।

(2) रेखाचित्रों में न तो आविष्कार का नाम वर्णित होगा और न कोई अन्य वर्णनात्मक पदार्थ ।

(3) संनिर्माण संबंधी रेखाचित्रों में कोई भी वर्णनात्मक पदार्थ वर्णित नहीं होगी, किन्तु फलों-पत्रों की प्रकृति के रेखाचित्रों में वर्णनात्मक पदार्थ यह दर्शित करने के लिए वर्णित की जाएगी कि कौन सी सामग्री का प्रयोग किया गया है और आविष्कार के करने के किन रसायनों का या अन्य प्रतिक्रियाओं या ट्रीटमेंटों का प्रयोग किया गया है ।

(4) जिन रेखाचित्रों में उपकरणों की संख्या या साधित्र के एकक और उनके यांत्रिक या विद्युत अन्तः संबंध दर्शित किए गए हों और जिनमें ऐसा प्रत्येक उपकरण या एकक केवल प्रसिकात्मक रूप से दर्शित किया गया हो उनमें ऐसा वर्णनात्मक पदार्थ दिया जा सकेगा जो उन उपकरणों या एककों की अथवा उनके अन्तः संबंधों की पहचान के लिए आवश्यक हों ।

(5) कोई भी रेखाचित्र या रेखाकृति, ग्राफिक रसायन-सूत्र, विनिर्देश के वर्णनात्मक भाग में वर्णित नहीं होगा और यदि ऐसे रेखाचित्र, रेखाकृति या सूत्र को उसमें प्रयोग किया गया हो तो यदि नियंत्रक ऐसे निर्देश दे तो उसकी एक प्रति, जो उसी रीति से तैयार की गई हो जिस प्रकार कि रेखाचित्रों को किया गया था, दी जाएगी ।

20. **प्रतिमान :** (1) प्रतिमान या नमूने नियंत्रक द्वारा अपेक्षित किए जाने पर ही दिए जाएंगे ।

(2) कोई भी प्रतिमान अधिकतम लम्बाई में 12 इंच से अधिक नियंत्रक की अनुज्ञा के बिना नहीं होगा ।

(3) नमूने सुविधाजनक आयामों में बंद किए जाएंगे ।

(4) खतरनाक पदार्थ नियंत्रक के निदेश के अनुसार ही दिए जाएंगे ।

(5) प्रत्येक प्रतिमान या नमूने पर स्पष्ट रूप से और सुनिश्चित रूप से लेबल या चिन्ह ऐसे लगाया जाएगा ताकि जिस आवेदन से उसका संबंध हो, उसकी पहचान हो सके ।

अध्याय-3

आवेदनों की परीक्षा

21. **पूर्व प्रकाशन द्वारा प्रत्याशा की दशा में प्रक्रिया :** (1) यदि धारा 13 के अधीन किए गए अन्वेषण के पश्चात् नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि आविश्कार जहां तक उस आविश्कार का किसी सम्पूर्ण विनिर्देश वाले दावे में दावा किया गया है, उक्त धारा की उपधारा (1) के खण्ड (क) या उपधारा (2) में निर्दिष्ट किसी विनिर्देश या अन्य दस्तावेज में प्रकाशित कर दिया गया है तो नियंत्रक उसे आक्षेपों का सार आवेदक को संसूचित करेगा और आवेदक को अपने विनिर्देश में संशोधन करने का अवसर दिया जाएगा ।

(2) यदि आवेदक अपने को उपनियम (1) के अधीन नियंत्रक द्वारा संसूचित किए गए आक्षेपों में से किन्हीं आक्षेपों के लिए विरोध करता है या यदि वह अपना विनिर्देश अपने संप्रेक्षणों सहित, चाहे विनिर्देश संशोधित किया गया हो या नहीं; फिर से दाखिल करता है, तो यदि वह ऐसी अपेक्षा करे तो उसे मामले में सुनवाई का अवसर दिया जाएगा ।

(3) यदि आवेदक आक्षेपों के सार की संसूचना की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर उपनियम (2) के अधीन सुनवाई

की अपेक्षा करता है या यदि नियंत्रक ऐसा करना वांछनीय समझे तो वह चाहे आवेदक अपना आवेदन फिर से दाखिल करे या नहीं, आवेदन को ठीक करने के लिए बकाया समय या मामले की अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुनवाई के लिए तारीख नियत कर सकता है ।

(4) जब उपनियम (3) के अधीन सुनवाई नियत की जाए तो आवेदक को, इस प्रकार नियत किए जाने की कम से कम 10 दिन की सूचना, या ऐसी अल्पतर सूचना, जैसी कि नियंत्रक को मामले की परिस्थितियों में युक्ति-युक्त प्रतीत लगे, दी जाएगी और आवेदक, यथासंभव शीघ्र, नियंत्रक को अधिसूचित करेगा कि क्या वह सुनवाई में हाजिर होगा या नहीं ।

(5) आवेदक की सुनवाई के पश्चात् या यदि आवेदक हाजिर नहीं हुआ हो या उसने अधिसूचित किया हो कि उसे सुनवाई की इच्छा नहीं है तो बिना सुनवाई के, नियंत्रक विनिर्देश का ऐसा संशोधन विनिर्दिष्ट या अनुज्ञात कर सकेगा जैसा वह किया जाना ठीक समझे और जब तक कि विनिर्दिष्ट या अनुज्ञात संशोधन ऐसी अवधि के भीतर न किया जाए जैसा कि वह निरत करे विनिर्देश को स्वीकार करने से इन्कार कर सकेगा ।

22. **पूर्व-दावे द्वारा प्रत्याशा की दशा में प्रक्रिया.**—(1) जब यह पता चले कि अविष्कार, जहां तक उसका दावा पूर्व विनिर्देश के किसी दावे में किया गया हो, का दावा धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत आने वाले किसी अन्य पूर्ण विनिर्देश के किसी दावे में किया गया है वहां आवेदक को सूचित किया जाएगा और उसे अपना विनिर्देश संशोधित करने का अवसर दिया जाएगा ।

(2) यदि आवेदक के विनिर्देश अन्यथा स्वीकार किए जाने के लिए ठीक हैं और धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन कोई आपत्ति बाकी रह गई है तो नियंत्रक विनिर्देश को स्वीकार कर सकेगा और उसके प्रकाशन की तारीख से दो मास की अवधि में आपत्ति को दूर करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।

(3) यदि धारा 13 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन कोई आपत्ति विनिर्देश स्वीकार किए जाने के पश्चात् आवेदक को संसूचित की जाए तो संसूचना की तारीख से दो मास की अवधि उस आपत्ति को दूर करने के लिए अनुज्ञात की जाएगी ।

23. **प्रत्याशा की दशा में सम्पूर्ण विनिर्देश में से शोधन.**—(1) यदि आवेदक किसी समय ऐसी प्रार्थना करे अथवा यदि नियंत्रक का समाधान हो जाए कि नियम 22 द्वारा विहित अवधि के अन्दर आपत्ति दूर नहीं की गई है तो आवेदक को सुनने के लिए एक तारीख नियत की जाएगा और आवेदक को कम से कम दस दिन पहले इस प्राकार नियत तारीख की सूचना दी जाएगी । आवेदक यथासंभव शीघ्र नियंत्रक को सूचित करेगा कि क्या वह सुनवाई में हाजिर होगा ।

(2) नियंत्रक आवेदक को सुनने के पश्चात् अथवा यदि आवेदक हाजिर न हुआ हो या उसने वह सुना जाना नहीं चाहता है यह सूचित किया हो तो उसे सुने बिना विनिर्देश का ऐसा संशोधन विहित या अनुज्ञात कर सकेगा जो उसके समाधानप्रद रूप में हो और यह निदेश दे सकेगा कि ऐसे अन्य विनिर्देश के प्रति जैसे वह बताए, निर्देश आवेदक के विनिर्देश में कर दिए जाएं, जब तक कि संशोधन उतनी अवधि के भीतर, जो वह नियत करे, न हो जाए या उसके लिए सहमति न हो जाए ।

24. **नियम 22 और 23 में विनिर्दिष्ट अवधि को बढ़ाना.**—यदि ऐसी अवधि बढ़ाने की प्रार्थना की जाए तो नियम 22 या 23 में विर्णित अवधि बढ़ाई जा सकेगी किन्तु इस प्रकार कि इस नियम के अधीन अनुज्ञात दानों में से कुल बढ़ाई गई अवधि 6 मास से अधिक नहीं होगी ।

25. **अन्य विनिर्देश के प्रति निर्देश का परप.**—नियम 23 के अनुसरण में जब नियंत्रक निदेश दे कि किसी अन्य विनिर्देश का निर्देश आवेदक के सम्पूर्ण विनिर्देश में बढ़ाया जाएगा तो दावे के पश्चात् ऐसा निर्देश बढ़ाया जाएगा और वह निम्नलिखित प्ररूप में होगा, अर्थात —

"पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 18(2) के अनुसरण में आवेदन संख्या — — — — — — — — — के अनुसरण में दाखिल किए गए विनिर्देश का निर्देश देने का निदेश दिया गया है ।"

26. **सशक्त अतिलंघन की दशा में प्रक्रिया.**—यदि धारा 13 या धारा 25 के उपबन्धों के अधीन किए गए अन्वेषण के फलस्वरूप नियंत्रक को यह प्रतीत से कि आवेदक के आविष्कार पर किसी अन्य पेटेन्ट के दावे के अतिलंघन की सारवान सारवान जोखिम के बिना काम नहीं किया जा सकता है तो तदनुसार आवेदक को सूचित किया जाएगा और नियम 22 में से 24 तक में उपबंधित प्रक्रियाएं, जहां तक आवश्यक हो, लागू होंगी ।

27. **अन्य पेटेन्ट के प्रति निर्देश का प्ररूप.**—जहां नियंत्रक निदेश की धारा 19 की उपधारा (1) के अधीन आवेदक के सम्पूर्ण विनिर्देश में अन्य पेटेन्ट का निर्देश जोड़ा जाएगा वहां ऐसा निर्देश निम्नलिखित प्ररूप में दावे के पश्चात् जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 19(1) के अनुसरण में पेटेन्ट संख्या — — — — — — — — का निर्देश देने का निदेश दिया गया है ।"

28. **धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन आवेदन का प्ररूप ?**

धारा 19 की उपधारा (1) के अधीन निदेश के अनुसरण में जोड़े गए निर्देश को धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन निकालने के लिए आवेदन प्ररूप 9 में किया जाएगा ।

29. **वह रीति जिसके अनुसार धारा 20(1) के अधीन दावा किया जाएगा :—**

(1) धारा 20 की उपधारा (1) के अधीन दावा प्ररूप 10 में किया जाएगा ।

(2) नियंत्रक के निरीक्षणार्थ मूल समनुदेशन या करार अथवा उसकी शासीकियां या नोटरी द्वारा प्रमाणित की हुई प्रतिलिपि भी प्रस्तुत की जाएगी और नियंत्रक हक के ऐसे अन्य सबूत की या लिखित सहमति की मांग कर सकेगा जिसकी उसे अपेक्षा है ।

30. **वह रीति जिसके अनुसार प्रार्थना की जाएगी :**

(1) धारा 20 की उपधारा (4) के अधीन प्रार्थना प्ररूप 11 में की जाएगी ।

(2) मृतक संयुक्त आवेदक के विधिक प्रतिनिधि द्वारा धारा 20 की उपधारा (4) के अधीन दी गई सहमति को प्रार्थना पत्र पर पृष्ठांकित किया जाएगा ।

(3) संयुक्त आवेदक की मृत्यु का सबूत प्रार्थना के साथ में होगा, और यह साबित करने के लिए कि सहमति देने वाला व्यक्ति विधित प्रतिनिधि है, या तो मृतक की विल के प्रोबेट की प्रमाणित प्रति या

उसकी सम्पदा की बाबत प्रशासन-पत्र या अन्य कोई दस्तावेज दी जाएगी ।

31. **धारा 20(5) के अधीन आवेदन की रीति :**

(1) धारा 20 की उपधारा (5) के अधीन आवेदन प्ररूप 12 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ में एक कथन होगा जिसमें वे तथ्य, जिनका आवेदक आश्रय लेता हो, पूर्णरूप से दिए गए होंगे और उन निदेशों का भी कथन होगा जो वह चाहता हो ।

(2) नियंत्रक द्वारा आवेदन और कथन की एक प्रतिलिपि प्रत्येक अन्य संयुक्त आवेदक को भेजी जाएगी और आवेदन करने वाला व्यक्ति इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रतियां देगा ।

32. **सम्पूर्ण विनिर्देश के स्वीकार हो जाने पर आवेदनों का संख्यांकन :**

इस आवेदन की बाबत दाखिल किए गए सम्पूर्ण विनिर्देश के स्वीकार हो जाने पर आवेदन की एक नई संख्या (जो क्रम संख्या कहलाएगी) दी जाएगी, जो उन संख्यांकों की आवली में होगी जो भारतीय पेटेन्ट और डिजाइन अधिनियम, 1911 (1911 का 2) के अधीन पेटेन्टों पर दिए गए हैं और यही संख्यांक पेटेन्ट का संख्यांक होगा जिसे आवेदन के अनुसरण में मुद्रांकित किया जाएगा ।

33. **आवेदक विनिर्देश आदि का निरीक्षण :**

धारा 23 के अधीन सम्पूर्ण विनिर्देश की स्वीकृति के प्रकाशन की तारीख के पश्चात् आवेदन का अन्तिम विनिर्देश या संपूर्ण विनिर्देशों के साथ और आवेदन के बारे में दाखिल किए गए रेखाकनों और दस्तावेजों के साथ (यदि कोई हों), निरीक्षण समुचित कार्यालय में निःशुल्क किया जा सकेगा ।

अध्याय 4

पेटेन्ट देने का विरोध

34. **धारा 25(1) के अधीन समय बढ़ाने के लिए आवेदन की रीति :**

(1) धारा 25 की उपधारा (1) के अधीन पेटेन्ट दिये जाने के विरोध की सूचना देने के लिए समय बढ़ाने का आवेदन प्ररूप 14 में और समुचित कार्यालय में सम्पूर्ण विनिर्देश स्वीकार होने के विज्ञापन की तारीख से 4 मास के भीतर किया जाएगा और उसमें समय बढ़ाए जाने की मन्जूरी के लिए कारण दिए होंगे ।

(2) समय बढ़ाने के लिए आवेदन तीन प्रतियों में किया जाएगा ।

(3) समय बढ़ाने के लिए आवेदन की एक प्रति नियंत्रक द्वारा पेटेन्ट के लिए आवेदक को भेजी जाएगी ।

35. **विरोध की सूचना दाखिल करना :**

धारा 25 की उपधारा (1) के अधीन दी गई विरोध की सूचना प्ररूप 15 में दी जाएगी और नियंत्रक को तीन प्रतियों में भेजी जाएगी ।

36. **विरोध का लिखित कथन :**

(1) विरोधी पक्षकार तीन प्रतियों में लिखित कथन भी भेजेगा जिसमें विरोधी पक्षकार के हित का स्वरूप, वे तथ्य जिन पर उसका मामला आधारित है तथा वह अनुतोष, जो वह विरोध की सूचना के साथ या विरोध की सूचना की तारीख से एक मास के भीतर लेना चाहता है, भी दिया जाएगा ।

(2) नियंत्रक, विरोधी पक्षकार द्वारा दाखिल की गई विरोध की सूचना और लिखित कथन की एक एक प्रति पेटेन्ट के लिए आवेदक को (जिसे इस अध्याय में इसके पश्चात् आवेदक कहा गया है) भेजेगा ।

37. **उत्तर कथन दाखिल करने के लिए समय :**

यदि आवेदक विरोध का प्रति विरोध करना चाहे तो वह नियम 36 के अधीन लिखित कथन की उसे प्रतिलिपि प्राप्त होने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर समुचित कार्यालय में दो प्रतियों में उत्तर कथन, जिसमें उन आधारों का पूर्ण रूप से कथन होगा जिन पर कि विरोध का प्रति-विरोध किया जा रहा है, देगा तथा विरोधी पक्षकारों को उसकी एक प्रति देगा ।

38. **विरोधी पक्षकार का साक्ष्य छोड़ने के लिए समय :**

नियम 37 के अधीन आवेदक के उत्तर कथन की प्रति दिए जाने की तारीख से एक मास के भीतर विरोधी पक्षकार समुचित कार्यालय में अपने मामले के समर्थन में दो प्रतियों में साक्ष्य छोड़ सकेगा और आवेदक को साक्ष्य की एक प्रति देगा ।

39. **वह समय जिसके भीतर आवेदक का साक्ष्य छोड़ा जाना है :**— नियम 38 के अधीन विरोधी के साक्ष्य की प्रति परिदत्त किए जाने की तारीख से एक मास के भीतर अथवा यदि विरोधी कोई साक्ष्य दाखिल न करे तो उस समय के, जिसके भीतर विरोधी का साक्ष्य छोड़ा गया होता, अवसान से एक मास के भीतर आवेदक अपने मामले के समर्थन में दो प्रतियों में साक्ष्य समुचित कार्यालय में दे सकेगा और उसकी एक प्रति विरोधी को परिदत्त करेगा ।

40. **विरोधी द्वारा उत्तर-साक्ष्य.**—नियम 39 के अधीन आवेदक के साक्ष्य की एक प्रति विरोधी को परिदत्त किए जाने की तारीख से एक मास के भीतर विरोधी दो प्रतियों में उत्तर-साक्ष्य, जो आवेदक के साक्ष्य में की बातों तक ही कड़े रूप से सीमित होगा, समुचित कार्यालय में छोड़ सकेगा तथा ऐसे साक्ष्य की एक प्रति आवेदक को परिदत्त करेगा ।

41. **नियंत्रक की इजाजत से अतिरिक्त साक्ष्य का दिया जाना.**— नियंत्रक की इजाजत या उसके निदेशों के बिना किसी भी पक्षकार द्वारा कोई भी अतिरिक्त साक्ष्य परिदत्त नहीं किया जाएगा ।

42. **दस्तावेजों का कितनी प्रतियों में दिया जाना.**—(1) विरोध के संबंध में दाखिल की गई और नियंत्रक के समाधानप्रद रूप में अधिप्रमाणित की गयी विरोध की सूचना में या किसी कथन या साक्ष्य में निर्दिष्ट भारतीय पेटेन्ट विनिर्देश से भिन्न सभी दस्तावेजों की प्रतियां जब तक नियंत्रक अन्यथा निदेशन न दे :—

(क) उस दशा में जहां वे विरोध की सूचना और लिखित कथन में निर्दिष्ट हों, तीन प्रतियों में दी जाएंगी ; और

(ख) किसी अन्य मामले में, दो प्रतियों में दी जाएंगी,

ये प्रतियां यथास्थिति, उस सूचना, कथन या साक्ष्य के साथ दी जाएंगी जिनमें वे निर्दिष्ट की गई हैं ।

(2) जहां सूचना, कथन या साक्ष्य में अंग्रेजी से भिन्न किसी भाषा में विनिर्देश या अन्य दस्तावेज का निदेश हो तो उसका अंग्रेजी में अनुप्रमाणित अनुवाद तीन प्रतियों में दिया जाएगा ।

43. **समय का बढ़ाया जाना :**—उत्तर कथन या साक्ष्य दाखिल करने के लिए अनुज्ञात समय को बढ़ाना चाहने वाले व्यक्ति द्वारा दी गई अर्जी पर किए गए नियंत्रक के विशेष आदेश द्वारा बढ़ाए जाने के सिवाय सामान्यतः नहीं बढ़ाया जाएगा ।

परन्तु इस प्रकार अनुदत्त समय का बढ़ाना किसी भी मामले में कुल तीन मास से अधिक नहीं होगा ।

44. **सुनवाई** :—(1) साक्ष्य के, यदि कोई हो, प्रस्तुतीकरण के पूरा होने पर या ऐसे अन्य समय पर, जो नियंत्रक ठीक समझे, वह विरोधी पक्ष की सुनवाई के लिए समय नियत करेगा और ऐसी सुनवाई की पक्षकारों को दस दिन से अन्यून की सूचना देगा ।

(2) यदि कार्यवाही का कोई पक्षकार सुने जाने की इच्छा रखता हो तो नियंत्रक को प्रारूप 16 में सूचना द्वारा इत्तिला देगा ।

(3) नियंत्रक, किसी ऐसे पक्षकार को जिसने उप-नियम (2) के अधीन सूचना न दी हो, सुनने से इन्कार कर सकेगा ।

(4) यदि किसी पक्षकार का सुनवाई के समय किसी ऐसे प्रकाशन का, जो पहले से सूचना, कथन या साक्ष्य में वर्णित न हो निर्दिष्ट करने का आशय हो तो वह अपने आशय की कम से कम 5 दिन की सूचना दूसरे पक्षकार को और नियंत्रक को देगा और इसके साथ ऐसे प्रत्येक प्रकाशन के जिसको निर्दिष्ट करने का उसका आशय हो ब्यौरे देगा ।

(5) सुने जाने की इच्छा वाले पक्षकार या पक्षकारों को सुनने के पश्चात् अथवा किसी पक्षकार के सुनवाई न चाहने पर सुनवाई के बिना ही नियंत्रक विरोध का विनिश्चय करेगा और विनिश्चय की उसके कारणों सहित अधिसूचना पक्षकारों को देगा ।

45. **खर्चे का अवधारण.**—यदि आवेदक, विरोध की सूचना दी जाने के पश्चात्, नियंत्रक को यह अधिसूचना करे कि वह अपने आवेदन को अग्रसर नहीं करना चाहता तो नियंत्रक यह विनिश्चित करते समय कि विरोधी को खर्चा दिलवाया जाए या नहीं इस बात पर भी विचार करेगा कि यदि विरोधी ने नियंत्रक को विरोध की सूचना देने के पूर्व आवेदक को युक्ति-युक्त सूचना दे दी होती तो क्या विरोध रोका जा सकता था ।

46. **वह समय, जिसके भीतर धारा 27 के अधीन सम्पूर्ण विनिर्देश संशोधन किया जाएगा.**—जिस समय के भीतर कोई आवेदक धारा 27 के अधीन नियंत्रक के समाधान प्रद रूप में अपना सम्पूर्ण विनिर्देश संशोधन करेगा, वह समय नियंत्रक द्वारा ऐसे प्रज्ञापन की तारीख से छे मास होगा ।

47. **अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया.**—(1) यदि विनिर्देश नियम 46 के अधीन अनुज्ञात समय के भीतर, जिसके अन्तर्गत उसका बढ़ाना भी है, जिसे नियंत्रक अनुज्ञात करे, नियंत्रक के समाधानप्रद रूप में संशोधित नहीं किया जाता है तो सुनवाई की तारीख की कम से कम दस दिन की सूचना दी जाएगी ।

(2) आवेदक यथाशक्यशीघ्र, नियंत्रक को अधिसूचित करेगा वह सुनवाई में हाजिर होगा या नहीं ।

(3) आवेदक को सुनने के पश्चात् या यदि आवेदक हाजिर नहीं हुआ है या उसने अधिसूचित कर दिया है कि वह सुने जाने की वांछा नहीं करता तो सुनवाई के बिना नियंत्रक विनिर्देश में ऐसा संशोधन विहित या अनुज्ञात कर सकेगा जो उसने समाधानप्रद रूप में किया जाना है और जब तक कि उसके आदेश की तारीख से छे मास के भीतर संशोधन न कर दिया गया हो या मान न लिया गया हो वह पेटेन्ट अनुदत्त करने से इनकार कर सकेगा ।

48. **समय का बढ़ाया जाना.**—नियम 46 या नियम 47 के उप-नियम (3) में विनिर्दिष्ट समय को बढ़ाने के लिए निवेदन प्ररूप 17 में किया जाएगा और उक्त नियमों में से किसी के अधीन बढ़ाया गया कुल समय छे मास से अधिक नहीं होगा ।

49. **धारा 28(2) के अधीन निवेदन की रीति.**—धारा 28 की उप-धारा (2) के अधीन निवेदन प्ररूप 18 में किया जाएगा ।

50. **धारा 28(3) के अधीन दावा करने की रीति.**—(1) धारा 28 की उपधारा (3) के अधीन दावा प्ररूप 19 में किया जाएगा और जिन परिस्थितियों के अधीन दावा किया गया है उनको उपवर्णित करते हुए एक विवरण भी साथ होगा ।

(2) किए गए दावे की और विवरण की एक प्रति नियंत्रक द्वारा पेटेन्ट के हर आवेदक को (जो दावेदार न हो) और किसी अन्य व्यक्ति को जिसे नियंत्रक हितबद्ध समझे, भेजी जाएगी और दावेदार इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रतियां देगा ।

51. **धारा 28 की उपधारा (7) के अधीन किए जाने वाले आवेदन का प्ररूप.**—(1) धारा 28 की उपधारा (7) के अधीन प्रमाणपत्र के लिए कोई आवेदन प्ररूप 20 में किया जाएगा और जिन परिस्थितियों के अधीन आवेदन किया गया है उनको उपवर्णित करते हुए एक विवरण भी उसके साथ होगा ।

(2) आवेदन की और विवरण की एक प्रति नियंत्रक द्वारा, यथा-स्थिति, हर पेटेन्टधारी को या पेटेन्ट के आवेदक को (जो आवेदक न हो) वास्तविक प्रकल्पक के रूप में वर्णित व्यक्ति को और किसी भी अन्य व्यक्ति को जिसे नियंत्रक हितबद्ध समझे, भेजी जाएगी और आवेदक इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रतियां देगा ।

52. **धारा 28 के अधीन दावे या किसी आवेदन की सुनवाई के लिए प्रक्रिया.**—विरोध की सूचना, लिखित कथन, उत्तर-कथन के दाखिल करने से, साक्ष्य के छोड़ने से तथा सुनवाई से संबंधित नियम 35 से लेकर 45 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया धारा 28 के अधीन किसी दावे या आवेदन की सुनवाई को, इस उपान्तरण के अध्यधीन कि आवेदक के प्रति निदेश का अर्थ, यथास्थिति, दावा या कोई आवेदन करने वाले व्यक्ति के प्रति लगाया जाएगा, यावत्साध्य, इस प्रकार लागू होगी जैसे कि वे पेटेन्ट के अनुदान के विरोध में कार्यवाहियों को लागू होती हैं ।

53. **आविष्कर्ता का उल्लेख.**—धारा 28 की उपधारा (1) के अधीन आविष्कर्ता का कोई भी उल्लेख पेटेन्ट में नियंत्रक के नाम के पश्चात् और पूर्ण विनिर्देश पर प्ररूप 3क के शीर्ष पर किया जाएगा और निम्नलिखित प्ररूप में हो सकेगा, अर्थात् :—

"पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 28 के अर्थ में इस आविष्कार । इस आविष्कार के सारवान भाग का आविष्कर्ता
— — का — — — — —है" ।"

अध्याय 5

गोपनीयता के निदेश

54. **धारा 36(2) के अधीन पुनर्विचार के परिणाम की संसूचना:**—धारा 36 की उपधारा (1) के अधीन किए गए प्रत्येक पुनर्विचार का परिणाम उक्त उपधारा के अधीन नियंत्रक को सूचना के प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर पेटेन्ट के आवेदक को लिखित में संसूचित किया जाएगा ।

55. **धारा 38 के अधीन गोपनीयता के निदेशों के प्रतिसंहरण पर समय का बढ़ाया जाना.**—धारा 38 के अधीन की जाने के लिए अपेक्षित या करने के लिए धारू प्राधिकृत किसी बात के लिए समय उस अवधि से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा जिसके लिए धारा 35 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए निदेश प्रवृत्त थे ।

अध्याय 6

पेटेन्टों का मुद्रांकन

56. **पेटेन्टों का मुद्रांकन.**—(1) धारा 43 की उपधारा (1) के अधीन पेटेन्ट के मुद्रांकन की प्रार्थना प्ररूप 22 में की जाएगी ।

(2) वह अवधि, जिसके भीतर पेटेन्ट के मुद्रांकन की प्रार्थना धारा 43 की उपधारा (2) के परन्तुक के खण्ड (क) के अधीन की जा सकेगी, उस खण्ड में निर्दिष्ट कार्यवाहियों के अन्तिम अवधारण के पश्चात् दो मास होगी ।

(3) धारा 43 की उपधारा (3) के अधीन आवेदन प्ररूप 23 में किया जाएगा ।

57. **पेटेन्ट का प्ररूप:**—पेटेन्ट ऐसे उपान्तरणों-सहित जैसा कि हर मामले की परिस्थितियों में अपेक्षित हो, चतुर्थ अनुसूची में यथा-विनिर्दिष्ट प्ररूप में दो प्रतियों में होगा और उस पर नियम 33 के अधीन आवेदन के लिए दी गई संख्या अंकित होगी ।

58. **धारा 44 के अधीन पेटेन्ट में संशोधन:**—पेटेन्ट में संशोधन के लिए धारा 44 के अधीन आवेदन प्ररूप 24 में दो प्रतियों में दिया जाएगा और उसके कथनों का सत्यापित करने वाला साक्ष्य तथा पेटेन्ट उसके साथ होंगे ।

59. **धारा 51(1) के अधीन निदेशों के लिए आवेदन करने की रीति:**—(1) धारा 51 की उपधारा (1) के अधीन निदेशों के लिए आवेदन प्ररूप 25 में दो प्रतियों में दिया जाएगा और उसके साथ उन तथ्यों को, जिन पर आवेदक निर्भर करता है उपवर्णित करने वाला विवरण भी होगा ।

(2) आवेदन और विवरण की एक प्रति नियंत्रक द्वारा पेटेन्ट की प्राप्तिकर्ता या स्वत्वधारी के रूप में रजिस्ट्रीकृत हर अन्य व्यक्ति को भेजी जाएगी और आवेदक इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रतियां देगा ।

60. **धारा 51(2) के अधीन आवेदन की रीति:**— (1) धारा 51 की उपधारा (2) के अधीन निदेशों के लिए आवेदन प्ररूप 26 में दो-प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ उन तथ्यों का, जिन पर आवेदक निर्भर करता है उपवर्णन करने वाला एक विवरण भी होगा ।

(2) आवेदन और विवरण की एक प्रति नियंत्रक द्वारा व्यतिक्रमी को भेजी जाएगी ।

61. **धारा 51 के अधीन कार्यवाहियों की सुनवाई करने के लिए प्रक्रिया:**—लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने तथा सुनवाई के सम्बन्ध में नियम 35 से 45 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 51 के अधीन आवेदन की सुनवाई को यावत्शक्य उसी प्रकार लागू होगी जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।

62. **धारा 52(2) के अधीन आवेदन की रीति:**—(1) धारा 52 की उपधारा (2) के अधीन आवेदन उक्त धारा की उपधारा (1) में निर्दिष्ट न्यायालय के आदेश की तारीख से तीन मास के भीतर प्ररूप 27 में किया जाएगा और उसके साथ जिन तथ्यों पर अर्जीदार निर्भर करता है उन्हें उपवर्णित करने वाला विवरण और वह अनुतोष जिसका वह दावा करता है तथा न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति भी होगी :

परन्तु आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने में लगा समय तीन मास की उक्त अवधि की गणना करते समय छोड़ दिया जाएगा ।

(2) जहां न्यायालय ने आवेदक को आविष्कार के केवल एक भाग के लिए ही पेटेन्ट की मंजूरी अनुज्ञात की है वहां मंजूर किए गए नए पेटेन्ट को संख्याओं की उसी आवलि में संख्या दी जाएगी जिस आवलि में उस दिन जिस को पेटेन्ट मंजूर किया गया है स्वीकार किए गए पूर्ण विनिर्देशों को दी गई है ।

63. **नवीकरण फीस.**—(1) यदि पेटेन्ट की अवधि तक उस पेटेन्ट को प्रवृत्त रखने की वांछा की जाए तो पेटेन्ट की तारीख से द्वितीय वर्ष के या किसी उत्तरवर्ती वर्ष के अवसान पर प्रक्रम अनुसूची में विनिर्दिष्ट नवीकरण फीस देनी होगी और वह द्वितीय वर्ष या उत्तर-वर्ती वर्ष के अवसान से पूर्व पेटेन्ट कार्यालय को प्रेषित कर दी जाएगी ।

(2) नवीकरण फीस देते समय संबंधित पेटेन्ट की संख्या और वह वर्ष जिसकी बाबत फीस दी गई है, कथित किया जाएगा ।

(3) दो या अधिक वर्ष की बाबत संदेय वार्षिक नवीकरण फीस अग्रिम दी जा सकेगी ।

(4) नियंत्रक किसी पेटेन्ट की बाबत संदत्त नवीकरण फीस के जमा करने पर एक प्रमाणपत्र जारी करेगा कि फीस संदत्त कर दी गई है ।

64. **धारा 55(1) के अधीन प्रार्थना का प्ररूप:**—धारा 55 की उपधारा (1) के परन्तुक के अधीन प्रार्थना प्ररूप 28 में की जाएगी ।

अध्याय 7

आवेदन तथा विनिर्देश का संशोधन

65. **आवेदन या विनिर्देश का संशोधन** :—(1) किसी पेटेन्ट या संपूर्ण विनिर्देश के आवेदन के संशोधन के लिए धारा 57 के अधीन आवेदन प्ररूप 29 में किया जाएगा ।

(2) यदि उपनियम (1) के अधीन संशोधन के लिए आवेदन पेटेन्ट के लिए उस आवेदन से संबंधित है जो मंजूर नहीं किया गया है तो नियंत्रक यह अवधारित करेगा कि क्या और किन शर्तों के, यदि कोई हो, अधीन रहते हुए संशोधन अनुज्ञात किया जाएगा ।

(3) (क) यदि उपनियम (1) के अधीन संशोधन के लिए आवेदन पूर्ण विनिर्देश की स्वीकृति के पश्चात् किया जाए तो संशोधन के लिए आवेदन और प्रस्थापित संशोधन का प्रकार नियंत्रक द्वारा राजपत्र में और आवेदक द्वारा ऐसी रीति से जो नियंत्रक प्रत्येक मामले में निर्दिष्ट करे, विज्ञापित किया जाएगा । नियंत्रक उन सभी व्यक्तियों को भी सूचित करेगा जो उसकी राय में इस मामले में हितबद्ध हों ।

(ख) संशोधन के लिए आवेदन का विरोध करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति राजपत्र में आवेदन के विज्ञापन की तारीख से तीन मास के अन्दर, अपने विरोध की सूचना दो प्रतियों में नियंत्रक को देगा ।

(ग) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने तथा सुनवाई के सम्बन्ध में नियम 36 से 45 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 57 के अधीन विरोध की सुनवाई को, यावत्शक्य, उसी प्रकार लागू होगी जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।

66. **संशोधित विनिर्देश आदि, तैयार करना** :—जहां नियंत्रक पेटेन्ट के या संपूर्ण विनिर्देश के आवेदन में संशोधन किया जाना अनुज्ञात करता है वहां आवेदक, यदि नियंत्रक ऐसी अपेक्षा करे और उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले समय के अन्दर इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार, यथास्थिति, संशोधित आवेदन या विनिर्देश देगा ।

67. **अनुज्ञात संशोधनों का विज्ञापन** :—संपूर्ण विनिर्देश के स्वीकार किए जाने के पश्चात् नियंत्रक द्वारा अनुज्ञात संशोधन उसके द्वारा राजपत्र में विज्ञापित किए जाएंगे ।

अध्याय 8

पेटेन्टों का प्रत्यावर्तन

68. **पेटेन्टों का प्रत्यावर्तन** :—(1) धारा 60 के अधीन पेटेन्ट के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन प्ररूप 31 में किया जाएगा ।

(2) यदि आवेदन पर और आवेदक द्वारा दिए गए साक्ष्य पर, यदि कोई हो, विचार करने पर नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि पेटेन्ट प्रत्यावर्तन के लिए प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं बन पाया है तो वह आवेदक को तदनुसार सूचित करेगा और यदि आवेदक ऐसी सूचना की तारीख से एक मास के अन्दर मामले में सुनवाई की प्रार्थना न करे, तो नियंत्रक आवेदन नामंजूर कर देगा ।

(3) यदि आवेदक अनुज्ञात समय के अन्दर सुनवाई के लिए प्रार्थना करता है और यदि आवेदक की सुनवाई करने पर नियंत्रक का प्रथम-दृष्ट्या यह समाधान हो जाता है कि नवीकरण फीस का संदाय न करना अनाशयित था तो वह आवेदन को राजपत्र में विज्ञापित करेगा ।

69. **प्रत्यावर्तन का विरोध** :—(1) धारा 68 की उपधारा (3) के अधीन राजपत्र में आवेदन के विज्ञापन की तारीख के दो मास के अन्दर किसी भी समय कोई भी व्यक्ति उसके विरोध की सूचना प्ररूप 32 में दो प्रतियों में दे सकता है ।

(2) विरोध की सूचना की एक प्रति नियंत्रक द्वारा आवेदक को भेजी जाएगी ।

(3) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने तथा सुनवाई के सम्बन्ध में नियम 36 से 45 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 60 के अधीन विरोध की सुनवाई को, यावश्यक्य उसी प्रकार लागू होगी, जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।

70. **असंदत्त नवीकरण फीस का संदाय** :—(1) यदि नियंत्रक आवेदक के पक्ष में विनिश्चय करता है तो आवेदक असंदत्त नवीकरण फीस और प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट अतिरिक्त फीस आवेदन का प्रत्यावर्तन अनुज्ञात करने वाले आदेश की तारीख से एक मास के भीतर संदत्त करेगा ।

(2) नियंत्रक आवेदन पर अपने विनिश्चय को राजपत्र में विज्ञापित करेगा ।

अध्याय 9

पेटेन्टों का अभ्यर्पण

71. **पेटेन्टों का अभ्यर्पण** :—(1) धारा 68 के अधीन किसी पेटेन्टधारी द्वारा पेटेन्ट के अभ्यर्पण की प्रस्थापना की सूचना प्ररूप 33 में होगी ।

(2) नियंत्रक उपनियम (1) के अधीन दी गई प्रस्थापना की सूचना को राजपत्र में विज्ञापित करेगा ।

(3) कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, राजपत्र में सूचना के विज्ञापन की तारीख से तीन मास के भीतर नियंत्रक को उसका विरोध करने की सूचना प्ररूप 34 में दो प्रतियों में देगा ।

(4) लिखित कथन, उत्तर कथन, साक्ष्य छोड़ने तथा सुनवाई के सम्बन्ध में नियम 36 से 45 तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, धारा 63 के अधीन विरोधी पक्षकार की सुनवाई को, यावश्यक्य, उसी प्रकार लागू होगी जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।

(5) यदि नियंत्रक पेटेन्टधारी की अभ्यर्पण की प्रस्थापना को स्वीकार कर लेता है तो वह पेटेन्टधारी को पेटेन्ट लौटाने का निदेश दे सकेगा और उस पेटेन्ट को प्राप्त करने पर नियंत्रक, आदेश द्वारा, उसे प्रतिसंहृत करेगा और पेटेन्ट के प्रतिसंहरण को राजपत्र में अधिसूचित करेगा ।

अध्याय 10

पेटेन्टों का रजिस्टर

72. **पेटेन्टों का रजिस्टर** :—(1) पेटेन्ट के मुद्रांकित होने पर नियंत्रक, उसके पेटेन्टधारी के रूप में प्राप्तिकर्ता का नाम, पता और राष्ट्रिकता, आविष्कार का नाम, (जिसके अन्तर्गत धारा 5 में विनिर्दिष्ट वे प्रवर्ग भी हैं जिनसे आविष्कार सम्बन्धित है) पेटेन्ट की तारीख और उसके मुद्रांकन की तारीख तामील के लिए पेटेन्टधारी के पते सहित, पेटेन्ट के रजिस्टर में दर्ज करेगा ।

(2) नियंत्रक, प्रत्येक पेटेन्ट के बारे में नियंत्रक और न्यायालयों के समक्ष अधिनियम के अधीन की जाने वाली कार्यवाहियों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को भी पेटेन्ट के रजिस्टर में दर्ज करेगा ।

73. **धारा 68 के अधीन दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण** :—धारा 68 के अधीन दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्ररूप 35 में किया जाएगा ।

74. **पेटेन्टों में हक और हित का रजिस्ट्रीकरण** :—(1) धारा 60 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट आवेदन.—

(क) पेटेन्ट के या उसमें शेयर के हकदार होने वाले व्यक्ति द्वारा प्ररूप 36 में किया जाएगा ।

(ख) अन्य किसी हित के लिए बंधकदार या अनुज्ञप्तिधारी या अन्यथा हकदार होने वाले व्यक्ति द्वारा प्ररूप 37 में किया जाएगा ;

(2) धारा 69 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट आवेदन.—

(क) समनुदेशक द्वारा प्ररूप 38 में,

(ख) बंधकदार या अनुज्ञप्तिधारी या अन्य पक्षकार द्वारा प्ररूप 37 में किया जाएगा ;

(3) ऐसी किसी अन्य दस्तावेज की जो दस्तावेज के अधीन फायदा प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा पेटेन्ट की स्वत्वधारिता को प्रभावित करने के लिए, तात्पर्यित है, अधिसूचना को पेटेन्ट के रजिस्टर में दर्ज करने के लिए आवेदन प्ररूप 40 में किया जाएगा ।

75. **पेटेन्ट के समनुदेशन आदि का नियंत्रक को प्रस्तुत करना** :—प्रत्येक समनुदेशन और प्रत्येक अन्य दस्तावेज, जो पेटेन्ट के संक्रामण का प्रभाव देने वाला या उसका साक्ष्य हो या ऐसे आवेदन में यथा दाखाकृत उसकी स्वत्वधारिता को प्रभावित करने वाला या उसमें हित का सृजन करने वाला हो, जब तक कि नियंत्रक अन्यथा निदेश न दे, तब तक एक आवेदन के साथ उसे प्रस्तुत की जाएगी जिसके साथ समनुदेशन या अन्य दस्तावेज की दो प्रतियां जो आवेदक या उसके अभिकर्त्ता द्वारा सत्य प्रतिलिपियों के रूप में प्रमाणित हो, भी होंगी और नियंत्रक, हक या लिखित सहमति का ऐसा अन्य सबूत मांग सकेगा जिसकी वो अपेक्षा हो।

76. **पेटेन्ट के हक या हित का रजिस्ट्रीकरण** :—धारा 69 की उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर नियंत्रक, यथास्थिति, पेटेन्ट में सम्बन्धित व्यक्ति के हक या उसमें उसके हित को रजिस्ट्रीकृत करेगा और रजिस्टर में निम्नलिखित प्ररूप में प्रविष्ट की जाएगी, अर्थात् —

"..... को प्राप्त आवेदन के अनुसरण में ..... एक पक्षकार और ..... अन्य पक्षकार के बीच किए गए समनुदेशन, अनुज्ञप्ति, बन्धक विलेख आदि तारीख ..... के आधार पर स्वत्वधारी, अनुज्ञप्ति-धारी, बंधकदार, आदि के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया गया।"

77. **नवीकरण फीस की प्रविष्टि** :—पेटेन्ट की बाबत विहित नवीकरण फीस के संदाय का प्रमाण-पत्र जारी होने पर, नियंत्रक पेटेन्टों के रजिस्टर में यह तथ्य कि फीस का संदाय कर दिया गया है और प्रमाणपत्र में यथावर्णित ऐसी फीस के संदाय की तारीख प्रविष्ट करेगा।

78. **पते में परिवर्तन** :—(1) कोई भी पेटेन्टधारी अपने नाम, राष्ट्रिकता, पते या उसको मंजूर किए गए किसी पेटेन्ट की पेटेन्टों के रजिस्टर में तामील के लिए यथा प्रविष्ट किए गए पते के परिवर्तन के लिए नियंत्रक से प्ररूप 41 में निवेदन कर सकेगा। नियंत्रक, नाम या राष्ट्रिकता के परिवर्तन के लिए निवेदन पर कोई कार्रवाई करने के पूर्व परिवर्तन के लिए ऐसे सबूत की अपेक्षा कर सकेगा जैसा वह उचित समझे।

(2) यदि नियंत्रक उपनियम (1) के अधीन किए गए निवेदन को अनुज्ञात करता है, तो वह तदनुसार रजिस्टर में परिवर्तन कराएगा।

(3) यदि कोई पेटेन्टधारी भारत में तामील के लिए किसी अतिरिक्त पते की प्रविष्ट के लिए प्ररूप 42 में निवेदन करे और यदि नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि निवेदन को अनुज्ञात किया जाना चाहिए, तो वह रजिस्टर में तामील के लिए अतिरिक्त पते की प्रविष्टि इस शर्त के अधीन रहते हुए करा देगा कि रजिस्टर में तामील के लिए एक बार में दो से अधिक अतिरिक्त पतों की प्रविष्टि नहीं की जाएगी।

79. **पेटेन्टों के रजिस्टर का निरीक्षण और उसके लिए संदेय फीस** :—(1) पेटेन्ट कार्यालय की मुख्य शाखा में पेटेन्ट का रजिस्टर रखा जाएगा और प्रथम अनुसूची में उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करने पर कार्यालय-समय में निरीक्षणार्थ खुला रहेगा।

(2) रजिस्टर की एक प्रति पेटेन्ट के कार्यालय के प्रत्येक शाखा कार्यालय पर, उप-नियम (1) के अधीन रजिस्टर के निरीक्षण के लिए लागू शर्तों और उसके लिए संदेय फीस का संदाय करने पर, उपलब्ध रहेंगी।

अध्याय 11

"अधिकारों की अनुज्ञप्ति" शब्दों का पेटेन्टों पर अनिवार्य

अनुज्ञप्ति-पृष्ठांकन और प्रतिसंहरण :

80. **अनिवार्य अनुज्ञप्ति आदि के लिए आवेदन** :—धारा 84, 86, 89, 90 और 91 के अधीन आदेश के लिए नियंत्रक को किया जाने वाला आवेदन यथास्थिति, प्ररूप 43, प्ररूप 44 या प्ररूप 45 में किया जाएगा। उस दशा को छोड़कर जिसमें आवेदन केन्द्रीय सरकार द्वारा किया गया हो, आवेदन में आवेदक के हित की प्रकृति का और अनुज्ञप्ति के उन निबन्धनों और शर्तों का जो आवेदक को स्वीकार्य हों, पूर्ण वर्णन होगा।

81. **जब प्रथमदृष्टया मामला न बनता हो** :—(1) यदि साक्ष्य पर विचार करने पर, नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि नियम 80 में निर्दिष्ट धाराओं में से किसी भी धारा के अधीन आदेश करने के लिए प्रथमदृष्टया मामला नहीं बनता है, तो वह आवेदक को तदनुसार सूचित करेगा, और जब तक कि आवेदक मामले में सुनवाई के लिए ऐसी अधिसूचना की तारीख से एक मास के अन्दर प्रार्थना न करे, नियंत्रक आवेदन को नामंजूर कर देगा।

(2) यदि आवेदक उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञात समय के अन्दर सुनवाई के लिए प्रार्थना करता है तो नियंत्रक, आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् यह अवधारित करेगा कि क्या आवेदन पर आगे कार्यवाही की जाए अथवा उसे नामंजूर कर दिया जाए।

82. **धारा 92(2) के अधीन विरोध की सूचना** :—(1) धारा 92 की उपधारा (2) के अधीन विरोध की सूचना प्ररूप 46 में दो प्रतियों में दी जाएगी और उक्त धारा की उपधारा (1) के अधीन आवेदन के विज्ञापन की तारीख से दो मास के भीतर नियंत्रक को भेजी जाएगी।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट विरोध की सूचना में अनुज्ञप्ति के वे निबन्धन और शर्तें, यदि कोई हो, होंगी जिन्हें विरोधी पक्षकार आवेदक को अनुदत्त करने के लिए तैयार हैं और उसके साथ विरोध के समर्थन में साक्ष्य होगा।

(3) विरोधी पक्षकार विरोध की सूचना और अपने साक्ष्य की एक प्रति आवेदक पर तामील करेगा और नियंत्रक को उस तारीख की सूचना देगा जिसको ऐसी तामील की गई है।

(4) नियंत्रक द्वारा विरोध की इजाजत दिए जाने या मांग किए जाने पर ही दोनों में से किसी भी पक्षकार द्वारा अतिरिक्त कथन या साक्ष्य दिया जाएगा।

(5) नियंत्रक तत्पश्चात् मामले की सुनवाई के लिए तारीख और समय नियत करेगा और पक्षकारों को ऐसी सुनवाई के लिए कम से कम दस दिन की सूचना देगा।

(6) नियम 44 के उपनियम (2) से (5) तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, इस नियम के अधीन सुनवाई की प्रक्रिया को, यावत्साध्य, उसी प्रकार लागू होगी, जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है।

83. **धारा 88(2) के अधीन आदेशन की रीति**:—(1) अनुज्ञप्ति के निबन्धनों को तय करने के लिए धारा 88 की उपधारा (2) के

अधीन आवेदन प्ररूप 47 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ साथ अन्य पक्षकार के बीच हुई बातचीत का विवरण और अनुज्ञप्ति के उन निबन्धनों और शर्तों का कथन भी होगा जिन्हें आवेदक स्वीकार करने के लिए तैयार है।

(2) धारा 87 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपखण्ड (1) या उपखण्ड (2) में निर्दिष्ट उन आविष्कारों के पेटेन्टों की बाबत आवेदनों की दशा में जिनके बारे में यह समझा गया है कि वे उक्त उपधारा के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन "अधिकारों की अनुज्ञप्ति" शब्दों के रूप में अंकित हैं, पेटेन्ट शुदा वस्तु के प्रपुंज की अनुमित शुद्ध कारखाना बाह्य कीमत दर्शाने वाला एक विवरण और उसके समर्थन में साक्ष्य सहित उससे सुसंगत सभी सूचना भी आवेदन के साथ-साथ दाखिल की जाएगी।

(3) नियंत्रक, आवेदन की एक प्रति, उपनियम (2) में निर्दिष्ट विवरण, यदि कोई हो और साक्ष्य की एक प्रति अन्य पक्षकार को भेजेगा और उसे निदेश देगा कि वह उक्त प्रतियों को भेजने की तारीख से एक मास के अन्दर ऐसे निबन्धों और शर्तों वाला एक विवरण दाखिल करे जिन्हें वह स्वीकार करने के लिए तैयार है और साथ ही साथ विवरण की एक प्रति आवेदक पर तामील करेगा और आवेदक पर ऐसी तामील की तारीख नियंत्रक को संसूचित करेगा।

(4) उपनियम (2) में निर्दिष्ट पेटेन्ट की बाबत आवेदन की दशा में नियंत्रक, अन्य पक्षकार को यह भी निदेश दे सकता है कि वह उत्तर में तत्समान विवरण और उसके समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करे और कथन की एक प्रति आवेदक को तामील करे।

(5) नियंत्रक पक्षकारों के कथन या कथनों की और साक्ष्य की तामील की तारीख से एक मास के अन्दर पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देगा।

(6) नियम 44 के उपनियम (2) से (5) तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, इस नियम के अधीन सुनवाई की प्रक्रिया को, यावत्शक्य, उसी प्रकार लागू होगी, जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है।

(7) नियंत्रक पेटेन्टधारी के लिए स्वामिस्व और आरक्षित अन्य पारिश्रमिक के निबन्धन तय करने के लिए कथनों पर विचार करेगा और ऐसी जांच कर सकेगा जैसी वह आवश्यक समझे।

84. धारा 88(4) के अधीन आवेदन करने की रीति: (1) पेटेन्टशुदा आविष्कार पर काम करने की अनुज्ञा के लिए धारा 88 की उपधारा (4) के अधीन आवेदक प्ररूप 48 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसमें आवेदन करने के कारण और वे निबन्धन होंगे जिनके अधीन वह पेटेंटधारी के साथ करार होने तक या नियंत्रक द्वारा विनिश्चय किए जाने तक, पेटेन्टशुदा आविष्कार पर कार्य करेगा। यदि नियंत्रक ऐसा निदेश दे, तो आवेदक आवेदन के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करेगा।

(2) नियंत्रक, आवेदन और साक्ष्य, यदि कोई हो, की एक प्रति पेटेन्टधारी को अग्रेषित करेगा और उसे निदेश देगा कि वह एक मास से अनधिक समय के भीतर एक विवरण दे जिसमें अनुज्ञप्ति के वे निबन्धन हों जो वह अनुदत्त करने के लिए तैयार है या वे निबन्धन हों जिनके अधीन निबन्धक आवेदक को, उसके साथ करार होने तक पेटेन्टशुदा आविष्कार पर काम करने दे।

(3) नियंत्रक पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात निदेश दे सकता है कि यदि वे अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों पर परस्पर सहमत हैं तो अनुज्ञप्ति निष्पादित करें या आवेदक को ऐसे निबन्धनों पर जो वह अधिरोपित करना ठीक समझे, पेटेन्टशुदा आविष्कारों पर कार्य करने के लिए अनुज्ञात कर सकता है।

85. प्रतिसंहरण आदेश के विज्ञापन की रीति:

नियंत्रक, उसके द्वारा धारा 89 की उपधारा (3) के अधीन, पेटेन्ट का प्रतिसंहरण करने वाला आदेश, राजपत्र में विज्ञापित करेगा।

86. धारा 93(5) के अधीन आवेदन :

(1) अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों, जो नियंत्रक द्वारा तय की गई हों, के पुनरीक्षण के लिए धारा 93 की उपधारा (5) के अधीन आवेदन प्ररूप 49 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसमें उन तथ्यों, जिन पर आवेदक निर्भर करता है, और ईप्सित अनुतोष का उल्लेख होगा और इसके साथ आवेदन के समर्थन में साक्ष्य होगा।

(2) यदि नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों के पुनरीक्षण के लिए प्रथमदृष्टया मामला नहीं बनता है, तो वह आवेदक को तदनुसार सूचित करेगा और जब तक कि आवेदक मामले में सुनवाई के लिए एक मास के अन्दर प्रार्थना न करे, नियंत्रक आवेदन को नामंजूर कर सकेगा।

(3) नियंत्रक, आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात यह अवधारित करेगा कि क्या आवेदन पर आगे कार्यवाही की जाए अथवा उसे नामंजूर कर दिया जाए।

87. धारा 93(5) के अधीन आवेदनों की दशा में अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया :

(1) यदि नियंत्रक आवेदन पर आगे कार्यवाही अनुज्ञात करता है तो वह आवेदक को निदेश देगा कि वह आवेदन और उसके समर्थन में साक्ष्य की प्रतियां पेटेन्टधारी पर या रजिस्टर में के किसी अन्य व्यक्ति पर जो पेटेन्ट में हितबद्ध प्रतीत हो या अन्य किसी ऐसे व्यक्ति पर तामील करे जिसे उसकी राय में ऐसी प्रतियों की इस प्रकार तामील की जानी चाहिए।

(2) आवेदक नियंत्रक को उसतारीख की सूचना देगा जिसको आवेदन और साक्ष्य की प्रतियों की तामील उपनियम (1) में निर्दिष्ट पेटेन्टधारी और किन्हीं अन्य व्यक्तियों पर की गई है।

(3) पेटेन्टधारी या कोई अन्य व्यक्ति जिस पर आवेदन और साक्ष्य की प्रतियों की तामील की गई है, नियंत्रक को विरोध की सूचना प्ररूप 46 में दो प्रतियों में ऐसी तामील की तारीख से दो मास के अन्दर दे सकेगा। ऐसी सूचना में वे आधार होंगे जिन पर विरोधी पक्षकार निर्भर करता है और उसके साथ विरोध के समर्थन में साक्ष्य होगा।

(4) विरोधी पक्षकार विरोध की सूचना और अपने साक्ष्य की प्रतियां आवेदक पर तामील करेगा और नियंत्रक को उस तारीख की सूचना देगा जिसको ऐसी तामील की गई है।

(5) नियंत्रक द्वारा विशेष इजाजत दिए या मांग किए बिना दोनों में से किसी भी पक्षकार द्वारा अतिरिक्त साक्ष्य या कथन दाखिल नहीं किया जाएगा।

(6) उपरोक्त कार्यवाही के पूर्ण होने पर या ऐसे अन्य समय, जो वह ठीक समझे, नियंत्रक मामले की सुनवाई के लिए तारीख और समय नियत करेगा और पक्षकारों को ऐसी सुनवाई के लिए कम से कम दस दिन की सूचना देगा।

(7) नियम 44 के उपनियम (2) से (5) तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया, इस नियम के अधीन सुनवाई की प्रक्रिया को, यावत्शक्य,

उसी प्रकार लागू होगी, जैसे वह पेटेन्ट अनुदत्त करने के लिए विरोधी पक्षकार की सुनवाई को लागू होती है ।

(8) यदि नियंत्रक अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों को पुनरीक्षित करने का विनिश्चय करे तो वह आवेदक को मंजूर की गई अनुज्ञप्ति को ऐसी रीति से, जो वह आवश्यक समझे, संशोधित करेगा ।

अध्याय 12

वैज्ञानिक सलाहकार

88. वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली :

(1) नियंत्रक, धारा 115 के प्रयोजन के लिए वैज्ञानिक सलाहकारों की एक नामावली रखेगा । नामावली में वैज्ञानिक सलाहकारों के नाम और पते उनके पदाभिधान, उनकी शैक्षिक अर्हता के बारे में सूचना, उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र और उनकी तकनीकि, व्यावहारिक और अनुसंधान का अनुभव होगा ।

(2) कोई व्यक्ति, वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में अपना नाम प्रविष्ट कराने के लिए तब अर्हित होगा, यदि वह निम्नलिखित अर्हताएं पूरी करता हो, अर्थात :—

(1) विज्ञान, इन्जीनियरी या प्रौद्योगिकी में डिग्री

(2) कम से कम 15 वर्ष का व्यावहारिक या

(3) वह केन्द्रीय या राज्य सरकार के विज्ञानिक या तकनीकी विभाग में या किसी अन्य उपक्रम में उत्तरदायी पद पर रहा हो ।

89. वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन की रीति:

कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडेटा देने पर अपना नाम वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में सम्मिलित कराने के लिए आवेदन कर सकता है ।

90. वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में किसी अन्य व्यक्ति के नाम का समावेश:

यदि नियंत्रक की ऐसी जांच के पश्चात जैसी वह उचित समझे, यह राय हो कि ऐसे व्यक्ति का वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में प्रवेश होना चाहिए, तो वह नियम 88 और 89 में किसी बात के होते हुए भी, वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली में किसी व्यक्ति का नाम प्रवेश कर सकता है ।

91. शिथिल करने की शक्ति :

जहां नियंत्रक की राय में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन हो, वहां वह, लेखबध्द किये जाने वाले कारणों पर किसी व्यक्ति के संबंध में, यदि ऐसा व्यक्ति अन्यथा हकदार हो, नियम 87 के उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट किसी अर्हता को शिथिल कर सकेगा ।

92. वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली से नामों का हटाया जाना :

नियंत्रक किसी भी व्यक्ति का नाम वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली से हटा सकेगा —

(क) यदि ऐसा व्यक्ति इस प्रकार हटाए जाने के लिए प्रार्थना करे या

(ख) यदि नियंत्रक का यह समाधान हो जाए कि उसका नाम गल्ती से या किसी सारवान तथ्य के दुर्व्यपदेशन या दबाने के कारण नामावली में दर्ज किया गया है : या

(ग) यदि उसे किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो और कारावास का दण्ड दिया गया हो और वह अपनी वृत्तिक हैसियत में कदाचार का दोषी हो और नियंत्रक की यह राय हो कि उसका नाम नामावली से हटा दिया जाना चाहिए ।

अध्याय 13

पेटेन्ट अभिकर्ता

93. पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में दी जाने वाली विशिष्टियां:

धारा 125 के अधीन रखे गए पेटेन्ट अभिकर्ता रजिस्टर में प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत पेटेन्ट अभिकर्ता के नाम, राष्ट्रिकता, कारबार के मुख्य स्थान का पता, शाखा कार्यालयों के पते, यदि कोई हों, अर्हताएं और रजिस्ट्रीकरण की तारीख होगी ।

94. पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन :

(1) प्रत्येक वह व्यक्ति जो एक पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने की इच्छा करे, प्ररूप 50 में दो प्रतियों में आवेदन करेगा जो कि पेटेन्ट कार्यालय के प्रधान कार्यालय में दाखिल की जाएगी ।

(2) आवेदक ऐसी अन्य जानकारी देगा जो नियंत्रक द्वारा अपेक्षित हो ।

95. पेटेन्ट अभिकर्ता के लिए अर्हक परीक्षा की विशिष्टियां :

(1) धारा 126 की उपधारा (1) के खण्ड (2) में निर्दिष्ट अर्हक परीक्षा में लिखित और मौखिक परीक्षा होगी ।

(2) लिखित परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्नपत्र होंगे, अर्थात:—

विषय	अधिकतम अंक
प्रश्न पत्र 1 - पेटेन्ट अधिनियम और नियम	100
प्रश्न पत्र 2 - पेटेन्ट विनिर्देशों और अन्य दस्तावेजों का प्ररूपण और निर्वचन	100

(3) प्रत्येक लिखित प्रश्नपत्र और मौखिक परीक्षा के लिए अर्हत अंक क्रमशः 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत होंगे और अभ्यर्थी परीक्षा में उत्तीर्ण केवल तभी घोषित किया जाएगा जब वह कुल अंकों के 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करे ।

96. पेटेन्ट अभिकर्ताओं का रजिस्ट्रीकरण :

अभ्यर्थी के नियम 95 में विनिर्दिष्ट अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात और नियंत्रक जो आवश्यक समझे वह और जानकारी अभिप्राप्त करने के पश्चात, प्रथम अनुसूची में उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस की प्राप्ति पर वह पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में अभ्यर्थी का नाम प्रवेश करेगा और उसे पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

97. पेटेन्ट अभिकर्ता के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन में सम्मिलित किए जाने वाले ब्यौरे:

धारा 126 की उपधारा (2) के अधीन पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने के हकदार व्यक्ति द्वारा प्ररूप 50 में दो प्रतियों में दिए जाने वाले आवेदन के साथ एक विवरण होगा जिसमें 1 नवम्बर, 1966 से पूर्व पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में उसकी प्रैक्टिस के बारे में सूचना होगी और उन आवेदनों की सूची होगी जिनकी बाबत उसने उक्त तारीख से पूर्व पूर्ण निदेश दाखिल किए हों ।

98. **धारा 126(2) के अधीन पेटेन्ट अभिकर्ताओं का रजिस्ट्रीकरण:**

नियंत्रक, नियम 97 के अधीन किसी व्यक्ति से पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन की प्राप्ति पर यदि उसका समाधान हो जाए कि उक्त व्यक्ति धारा 126 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट शर्तें पूरी करता है उसका नाम पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में दर्ज कर सकता है।

99. **पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए निरर्हताएं:**

कोई व्यक्ति पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का पात्र नहीं होगा, यदि वह—

(1) सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित्त का न्याय निर्णीत किया गया हो ;

(2) अनुन्मोचित दिवालिया हो ,

(3) उन्मोचित दिवालिया होने पर भी, उसने न्यायालय से इस बात का प्रमाण पत्र अभिप्राप्त नहीं किया है कि उसके दिवालियापन का कारण उसकी ओर से किसी अवचार के बिना ही दुर्भाग्य था ,

(4) भारत में या भारत के बाहर किसी सक्षम न्यायालय द्वारा किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया है और कारावास का दण्ड दिया गया है, जब तक कि जिस अपराध का उसे सिद्धदोष ठहराया गया है वह क्षमा न कर दिया गया हो या उसके द्वारा दिये गए आवेदन पर केन्द्रीय सरकार ने इस निमित्त आदेश द्वारा, निर्योग्यता हटा न दी हो ,

(5) विधि-व्यवसायी होते हुए वृत्तिक अवचार का अपराधी है।

(6) चार्टर्ड एकाउन्टेंड होते हुए उपेक्षा या अवचार का अपराधी है

100. **फीस का संदाय**

किसी व्यक्ति का नाम पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में प्रथम अनुसूची में उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करने पर बना रहेगा।

101. **किसी व्यक्ति का नाम पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर से काट दिया जाना :**

(1) नियंत्रक, किसी भी रजिस्ट्रीकृत पेटेन्ट अभिकर्ता का नाम—

(क) जिसने इसका अनुरोध प्राप्त हुआ हो; या

(ख) जब वह मर गया हो ; या

(ग) जब केन्द्रीय सरकार ने धारा 130 की उपधारा (1) के अधीन किसी व्यक्ति के नाम को काट दिया हो ; या

(घ) जब उसने नियम 100 में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय में उनके देय होने के तीन मास पश्चात तक व्यतिक्रम किया हो, काट सकेगा।

(2) किसी व्यक्ति का नाम पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर से काटे जाने को राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा और सम्बद्ध व्यक्ति को संसूचित किया जाएगा।

102. **पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में से हटाए गए व्यक्तियों के नामों का प्रत्यावर्तन :**

(1) पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर से हटाए गए किसी व्यक्ति के नाम के प्रत्यावर्तन के लिए धारा 130 की उपधारा (2) के अधीन आवेदन ऐसे हटाए जाने की तारीख से छह मास के भीतर प्ररूप 51 में तीन प्रतियों में दिया जाएगा।

(2) यदि किसी व्यक्ति का नाम पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में प्रत्यावर्तित कर दिया गया है तो जिस तारीख को उसकी अन्तिम वार्षिक फीस देय हुई उससे एक वर्ष की अवधि तक उसका नाम उसमें रखा जाएगा।

(3) पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में किसी नाम का प्रत्यावर्तन नियंत्रक द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा और सम्बन्धित व्यक्ति को संसूचित किया जाएगा।

103. **पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में नामों आदि में परिवर्तन :**

(1) पेटेन्ट अभिकर्ता, पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में दर्ज अपने नाम, कारबार के मुख्य स्थान और शाखा कार्यालयों, यदि कोई हो, का पता या अर्हताओं में परिवर्तन के लिए प्ररूप 52 में तीन प्रति में आवेदन दे सकता है।

ऐसे आवेदन और उसके लिए प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट की प्राप्ति पर नियंत्रक, पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में आवश्यक परिवर्तन करवाएगा।

(2) पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रजिस्टर में किया गया प्रत्येक परिवर्तन राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

104. **पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में मान्यता देने से इन्कार :**

यदि नियंत्रक की यह राय हो कि अधिनियम के अधीन जैसा कि उसकी धारा 131 की उपधारा (1) में उपबन्धित है, किसी कारबार की बाबत किसी व्यक्ति को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए तो वह अपने कारण उस व्यक्ति को संसूचित करेगा और उसे, ऐसे समय के अन्दर जैसा वह अनुज्ञात करे, यह कारण बताने का निदेश देगा कि उसे ऐसे पेटेन्ट अभिकर्ता के रूप में मान्यता देने से इन्कार क्यों न किया जाए और उस व्यक्ति के उत्तर पर, यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात और उसे सुनवाई का अवसर देने के पश्चात नियंत्रक ऐसा आदेश देगा जैसा वह ठीक समझे।

105. **अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत पेटेन्ट अभिकर्ताओं के नामों का प्रकाशन :**

पेटेन्ट अभिकर्ताओं के रूप में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के नामों और पतों का प्रकाशन समय-समय पर राजपत्र, समाचारपत्रों, व्यापारिक पत्रिकाओं में और ऐसी रीति में किया जाएगा जैसा नियंत्रक ठीक समझे।

अध्याय 14

प्रकीर्ण

106. **सभी सूचनाओं का पता :**

(1) इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही के सम्बन्ध में सभी संसूचनाएं पेटेन्टों के नियंत्रक को समुचित कार्यालय पर सम्बोधित की जाएगी।

107. **लेखन गलतियों की शुद्धि :**

धारा 73 में निर्दिष्ट किसी दस्तावेज में किसी लेखन गलती के लिए अनुरोध प्ररूप 53 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ दस्तावेज की दो प्रतियां उपेक्षित शुद्धियों को लाल स्याही में स्पष्टतः उपदर्शित करने वाली होंगी और साथ ही जैसा कि प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट हो देय फीस होगी ।

108. **किसी गलती की प्रस्तावित शुद्धि के विज्ञापन की रीति :**

जहां नियंत्रक यह उपेक्षा करे कि प्रस्तावित शुद्धि की प्रकृति की सूचना विज्ञापित की जाए, वहां प्रस्तावित शुद्धि की प्रकृति और निवेदन करने वाला व्यक्ति प्रस्तावित शुद्धियों को दर्शित करते हुए निवेदन की प्रतियां और दस्तावेज की प्रतियां ऐसे व्यक्ति पर भी तामील करेगा जो नियंत्रक की राय में आवेदन में हितबद्ध हों ।

109. **शुद्धि करने के विरोध की रीति और समय :**

(1) कोई भी हितबद्ध व्यक्ति राजपत्र में विज्ञापन की तारीख से एक मास के भीतर किसी समय प्रस्तावित शुद्धि के विरोध के लिए प्ररूप 54 में दो प्रतियों में नियंत्रक को सूचना दे सकेगा ।

(2) विरोध की ऐसी के साथ सूचना विरोधी के हित की प्रकृति, वे तथ्य जिन पर वह निर्भर करता है और अनुतोष जो वह चाहता है को उपवर्णित करने वाला कथन दो प्रतियों में होगा ।

(3) सूचना और कथन की एक प्रति नियंत्रक द्वारा अनुरोध करने वाले व्यक्ति को भेजी जाएगी ।

(4) नियम 37 से 45 में विनिर्दिष्ट उत्तर कथन दाखिल करने, साक्ष्य छोड़ना और सुनवाई से सम्बन्धित प्रक्रिया यथासंभव, धारा 68 के अधीन विरोध की सुनवाई को उसी प्रकार लागू होगी जैसे वह पेटेन्टों के अनुदान के विरोध की सुनवाई को लागू होती है ।

110. **शुद्धियों की अधिसूचना :**

नियंत्रक, शुद्धि के लिए अनुरोध करने वाले व्यक्ति और सुसंगत दस्तावेज में की गई शुद्धियों के विरोधी, यदि कोई हो, को अधिसूचित करेगा ।

111. **शपथ-पत्रों का प्ररूप आदि :**

(1) उन शपथ-पत्रों पर जो इस अधिनियम या इन नियमों द्वारा पेटेन्ट कार्यालय में दाखिल किए जाने के लिए या नियंत्रक को पेश किए जाने के लिए अपेक्षित हो, उस विषय या उन विषयों के शीर्षक दिए जाएंगे जिनसे वे सम्बन्धित हो, उत्तम पुरुष में लिखे जाएंगे, उनको क्रमशः संख्यांकित पैराओं में विभक्त किया जाएगा और प्रत्येक पैरा यथासम्भव एक विषय तक ही सीमित रहेगा । प्रत्येक शपथ-पत्र में, शपथ-पत्र देने वाले व्यक्ति के निवास का वर्णन और स्थान अन्तर्विष्ट होगा और देने वाले व्यक्ति का नाम और पता भी होगा और शपथ-पत्र किसी और व्यक्ति की ओर से दिया गया है, तो जिस व्यक्ति की ओर से दिया गया हो उसके नाम का भी उल्लेख होगा ।

(2) जहां एक शपथ-पत्र में दो या दो से अधिक व्यक्ति शामिल हों, वहां उन में से हर व्यक्ति पृथक-पृथक ऐसे तथ्यों का अभिसाक्ष्य देगा जो उसकी वैयक्तिक जानकारी में हो और उन तथ्यों का पृथक पैराओं में उल्लेख किया जाएगा ।

(3) अन्तवर्ती मामलों को छोड़कर जिनमें अभिसाक्षी के विश्वास के ब्यानों को स्वीकार किया जा सकता है, शपथ-पत्र ऐसे तथ्यों तक ही सीमित रहेंगे जिन्हें अभिसाक्षी अपनी जानकारी से साबित करने में समर्थ हो परन्तु, यह तब तक जब कि उसके आधार दिए जाएं ।

(4) शपथ-पत्र की शपथ निम्नलिखित रूप में दी जाएगी :—

(क) भारत में—किसी न्यायालय या व्यक्ति के समक्ष, जो विधि द्वारा साक्ष्य लेने के लिए प्राधिकृत हो, या अन्य किसी अधिकारी के समक्ष, जो यथा उपर्युक्त ऐसे न्यायालय द्वारा शपथ दिलाने या शपथ-पत्र लेने के लिए सशक्त किया गया हो ;

(ख) भारत से बाहर किसी देश या स्थान में—राजनयिक और कौंसलीय आफिसर (शपथ और फीस) अधिनियम, 1948 के अधीन्तर्गत ऐसे देश या स्थान के किसी राजनयिक या कौंसलिय अधिकारी के समक्ष या ऐसे देश या स्थान के नोटरी के समक्ष जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा नोटरीज अधिनियम, 1952 (1952 का 53) की धारा 14 के अधीन मान्यता प्राप्त हो या उस देश या स्थान के न्यायधीस या मजिस्ट्रेट के समक्ष ।

(5) वह व्यक्ति जिसके समक्ष शपथ-पत्र की शपथ ली जाए, उस तारीख का जिसको और उस स्थान का जहां पर शपथ पत्र की शपथ ली जाती है, उल्लेख करेगा और उसपर अपनी मुद्रा, यदि कोई हो, या न्यायालय की मुद्रा यदि शपथ-पत्र की शपथ न्यायालय के समक्ष ली या उस न्यायालय द्वारा समक्ष किए गए किसी अधिकारी के समक्ष ली गई हो और अन्त में अपना नाम हस्ताक्षरित करेगा और अपने पदाभिधान और पते का उल्लेख करेगा ।

(6) कोई भी शपथ-पत्र जिससे यह तात्पर्यित है कि उस पर या उसमें शपथ-पत्र लेने के लिए उपनियम (4) द्वारा प्राधिकृत किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसके समक्ष शपथ-पत्र लिए जाने के परिसाक्ष्य में, मुद्रा अंकित की गई है या उसके हस्ताक्षर किए गए हैं, मुद्रा या हस्ताक्षर की या उस व्यक्ति को पदीय हैसियत की असलियत के सबूत के बिना नियंत्रक द्वारा स्वीकार किया जा सकेगा ।

(7) शपथ-पत्र को शपथ दिलाने और प्रतिसंज्ञान कराने के पूर्व उसमें के परिवर्तनों और अन्तरालेखनों को उस व्यक्ति के आद्यक्षरों द्वारा अधिप्रमाणित किया जाएगा जिसके समक्ष शपथ-पत्र की शपथ ली गई हो ।

(8) जहां अभिसाक्षी अनपढ़, अन्धा या उस भाषा से अनभिज्ञ हो जिसमें शपथ-पत्र लिखा गया है, वहां उस व्यक्ति द्वारा जिसके समक्ष शपथ -पत्रकी शपथ ली जाए, शपथ-पत्र के अन्त में एक ऐसा प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाएगा कि उसकी उपस्थिति में अभिसाक्षी को शपथ-पत्र पढ़कर, अनुवाद कर के सुना दिया गया है या समझा दिया गया है और कि ऐसा प्रतीत होता है कि अभिसाक्षी ने उसे पूर्णतः समझ लिया है और उसने उसकी उपस्थिति में शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं या अपना चिह्न अंकित किया है ।

(9) इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी भी कार्यवाही के संबंध में नियंत्रक के समक्ष दाखिल किया गया प्रत्येक शपथ-पत्र तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन, सम्यक्तः स्टाम्पित किया जाएगा ।

112. **प्रदर्श.**—जहां विरोध में या किसी अन्य कार्यवाही में प्रदर्श दाखिल किए जाने हों, वहां प्रत्येक प्रदर्श का अंकन या प्रति, दूसरे पक्षकार को उसके निवेदन और खर्चे पर दी जाएगी, यदि प्रदर्शों की प्रतियां या उनके अंकन सुविधाजनक रूप से नहीं दिये जा सकते हों, तो मूल प्रदर्शों को नियंत्रक के पास, पहले से समय नियत करने पर हितबद्ध पक्षकार के निरीक्षण के लिए छोड़ दिया जाएगा । यदि मूल प्रदर्श पहले से ही नियंत्रक के पास न छोड़े गए हों, तो सुनवाई के समय उनको पेश किया जाएगा ।

113. **निदेश जो अन्यथा विहित न हों.**—(1)जहां इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही के समुचित रूप से चलाने या पूर्ण करने के लिए, नियंत्रक की यह राय हो कि ऐसी कार्यवाहियों के किसी पक्षकार के लिए किसी कार्य का करना, किसी दस्तावेज का दाखिल करना या साक्ष्य पेश करना आवश्यक है, जिसके लिए इस अधिनियम या इन नियमों में व्यवस्था नहीं की गई है, वह लिखित सूचना द्वारा ऐसे पक्षकार से ऐसी सूचना में विनिर्दिष्ट कार्य करने, दस्तावेज दाखिल करने या साक्ष्य पेश करने की अपेक्षा कर सकता है ।

(2) भले ही कोई आवेदक या कार्यवाही का पक्षकार सुनवाई चाहता है अथवा नहीं नियंत्रक किसी भी समय उसके द्वारा विनिर्दिष्ट समय के भीतर उससे यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह लिखित रूप में अपना कथन, ऐसी जानकारी, जो नियंत्रक आवश्यक समझे, देते हुए प्रस्तुत करे ।

114. **नियंत्रक द्वारा स्वविवेक की शक्ति का प्रयोग.**—अधिनियम या इन नियमों के अधीन पेटेन्ट के लिए किसी आवेदक या किसी कार्यवाही के पक्षकार के प्रतिकूल स्वविवेक की शक्ति का प्रयोग करने से पूर्व नियंत्रक ऐसे आवेदक या पक्षकार को ऐसी कार्यवाही की न्यूनतम दस दिन की सूचना देने के पश्चात सुनवाई करेगा ।

115. **नियंत्रक के विनिश्चयों के पुनर्विलोकन या उसके आदेशों को अपास्त करने के लिए आवेदन.**—(1) नियंत्रक की, धारा 77 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अधीन उसके विनिश्चय के पुनर्विलोकन के लिए आवेदन प्ररूप 55 में दो प्रतियों में, आवेदक को ऐसे विनिश्चय की संसूचना की तारीख से एक मास भीतर या तत्पश्चात एक मास से अनधिक ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो प्ररूप 57 में अनुरोध करने पर नियंत्रक अनुज्ञात करे, प्ररूप 55 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ एक कथन होगा जिसमें वे कारण वर्णित होंगे जिनके आधार पर पुनर्विलोकन की ईप्सा की गई है । जहां प्रश्नगत विनिश्चय आवेदक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से संबंधित हो, वहां उक्त आवेदन व कथन तीन प्रतियों में भेजा जाएगा । नियंत्रक आवेदन और कथन, प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित अन्य व्यक्ति को तुरन्त प्रेषित कर देगा ।

(2) नियंत्रक को धारा 77 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अधीन उसके द्वारा पारित एक पक्षीय आदेश को अपास्त करने के लिए आवेदन, आवेदक को ऐसे आदेश की संसूचना की तारीख से एक मास के भीतर या एक मास से अनधिक ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो प्ररूप 57 में अनुरोध करने पर नियंत्रक अनुज्ञात करे, प्ररूप 56 में दो प्रतियों में किया जाएगा और उसके साथ एक कथन होगा जिसमें वे कारण वर्णित होंगे जिन पर आवेदन आधारित है । जहां आदेश आवेदक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से संबंधित हो, वहां आवेदन और कथन तीन प्रतियों में भेजे जाएंगे । नियंत्रक आवेदन और कथन प्रत्येक की एक-एक प्रति संबंधित व्यक्ति को तुरन्त प्रेषित कर देगा ।

116. **प्रतिकर के संदाय की रीति.**—(1) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस अधिनियम की धारा 102 के अधीन किसी अधिष्कार या पेटेन्ट के अर्जन की बाबत प्रतिकर उस सरकार द्वारा, यदि प्रतिकर की रकम 10,000 से अधिक न हो, एक-मुश्त संदेय होगी और यदि ऐसी रकम 10,000 से अधिक हो तो उक्त 10,000 रू. से अधिक की रकम पांच समान वार्षिक किश्तों में संदेय होगी ।

(2) यदि एकमुश्त संदेय प्रतिकर या उपनियम (1) में निर्दिष्ट उसकी कोई किश्त, जिस तारीख को, यदि कोई हो, किश्त की रकम देय होती है, से तीन दिन के भीतर संदत्त नहीं की जाती, तो केन्द्रीय सरकार, उक्त तीस दिन की अवधि की समाप्ति के तुरन्त पश्चात, के दिन से गिन कर 9 प्रतिशत वार्षिक की दर पर साधारण ब्याज देने की दायी होगी ।

117. **वह प्ररूप और रीति जिसमें धारा 146(2) के अधीन अपेक्षित कथन भेजे जाने हैं.**—(1) वे कथन जो धारा 146 की उपधारा (2) के अधीन प्रत्येक पेटेन्टधारी और प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी द्वारा भेजे जाएंगे, प्ररूप 58 में होंगे, पेटेन्टधारी या अनुज्ञप्ति धारी या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा सम्यक् रूप से सत्यापित होंगे ।

(2) प्रत्येक कैलेन्डर वर्ष के सम्बन्ध में उपनियम (1) में निर्दिष्ट कथन प्रत्येक वर्ष के अवसान के तीन मास के भीतर भेजे जाएंगे ।

(3) नियंत्रक, धारा 146 की उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन उसे प्राप्त सूचना राजपत्र और उस समाचार पत्रों और व्यापार पत्रिकाओं में, जैसी वह उचित समझे, प्रकाशित कर सकता है ।

118. **पेटेन्ट की दूसरी प्रति जारी करने के लिए आवेदन का प्ररूप:**—धारा 154 के अधीन पेटेन्ट की दूसरी प्रति जारी करने के लिए आवेदन प्ररूप 59 में होगा और उन परिस्थितियों को, जिनमें पेटेन्ट खोया या नष्ट हुआ या पेश नहीं किया जा सका है, उपवर्णित करने वाला कथन होगा, साथ में प्रथम अनुसूची में उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस होगी ।

119. **प्रमाणित प्रतियों और प्रमाणपत्रों का देना.**—पेटेन्ट कार्यालय में रजिस्टर की किसी प्रविष्ट की प्रमाणित प्रतियां, या पेटेन्टों से, विनिर्देशों और अन्य सार्वजनिक दस्तावेजों, या वहां रखे रजिस्टरों और अन्य अभिलेखों से उद्धरण, नियंत्रक द्वारा, प्ररूप 60 में उसे किए गए अनुरोध पर और प्रथम अनुसूची में उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर किए जा सकेंगे ।

120. **धारा 153 के अधीन सूचना के लिए अनुरोध.**—(1) किसी पेटेन्ट या पेटेन्ट के लिए आवेदन से संबंधित निम्नलिखित विषयों के संबन्ध में सूचना के लिए अनुरोध प्ररूप 61 में किया जाएगा :—

(क) कि जब अनन्तिम विनिर्देश के पश्चात पूर्ण विनिर्देश दाखिल किया गया है या पेटेन्ट के लिए आवेदन का परित्याग कर दिया गया समझा गया हो;

(ख) कि जब संपूर्ण विनिर्देश स्वीकार कर लिया गया है या पेटेन्ट के लिए कोई आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है ,

(ग) कि जब कोई पेटेन्ट मुद्रांकित किया गया हो या जब मुद्रांकित करने का समय समाप्त हो गया हो ,

(घ) कि जब नवीकरण फीस संदत्त की गई है ,

(ङ) कि जब किसी पेटेन्ट की अवधि समाप्त हो गई हो या खत्म हो जाएगी ,

(च) कि जब रजिस्टर में कोई प्रविष्टि की गई है या ऐसी प्रविष्टि करने के लिए आवेदन किया गया है , या

(छ) कि जब रजिस्टर में किसी प्रविष्टि या राजपत्र में विज्ञापन को अन्तर्वलित करने वाला कोई आवेदन किया गया है या कार्यवाही की गई हो. यदि आवेदन या कार्यवाही की प्रकृति अनुरोध में विनिर्दिष्ट की गई है ।

(2) अपेक्षित सूचना की प्रत्येक मद के संबंध में पृथक अनुरोध किया जाएगा ।

(3) धारा 153 के अधीन किए गए अनुरोध पर संदेय फीस वह होगी जो प्रथम अनुसूची में उपवर्णित है ।

121. **अभिकरण.**—(1) इस अधिनियम और इन नियमों के प्रयोजनों के लिए किसी अभिकर्ता का प्राधिकरण प्ररूप 61 में या मुख्तारनामे के रूप में होगा ।

(2) जहां उप-नियम (1) के अधीन कोई प्राधिकरण किया गया हो इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन हुई किसी अभिकर्ता पर किसी कार्यवाही या मामले से संबंधित किसी दस्तावेज की तामील उसे इस प्रकार प्राधिकृत करने वाले व्यक्ति पर तामील समझी जाएगी; किसी व्यक्ति को किसी कार्यवाही या मामले के संबंध में निर्दिष्ट सभी संसूचनाएं ऐसे अभिकर्ता को संबोधित की जा सकती हैं, और नियंत्रक के समक्ष उससे संबंधित सभी हाजिरियां ऐसे अभिकर्ता द्वारा या के द्वारा दी जा सकती हैं ।

(3) उप-नियम (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, नियंत्रक यदि यह आवश्यक समझता है, किसी आवेदक, विरोधी या ऐसी कार्यवाही या विषय के पक्षकार के वैयक्तिक हस्ताक्षर या उपस्थिति की अपेक्षा कर सकता है ।

122. **खर्चों के मापमान.**—नियंत्रक, अपने समक्ष सभी कार्यवाहियों में, नियम 46 के अधीन रहते हुए, मामले की सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जितना वह युक्तियुक्त समझे उतना खर्चा अधिनिर्णीत कर सकता है :

परन्तु, यह कि चौथी अनुसूची में दिए गए किसी विषय के संबंध में अधिनिर्णीत खर्चों की रकम उसमें विनिर्दिष्ट रकम से अधिक नहीं होगी ।

123. **साधारणतः नियंत्रक की शक्तियां.**—कोई भी दस्तावेज जिसके संशोधन के लिए अधिनियम में कोई विशेष उपबन्ध नहीं है, संशोधित किया जा सकता है और प्रक्रिया में कोई अनियमितता जो नियन्त्रक की राय में किसी व्यक्ति के हितों को अहित के बिना दूर की जा सकती है, यदि नियंत्रक ठीक समझे और उन निबन्धनों पर जो वह निर्दिष्ट करे, शुद्ध की जा सकती है ।

124. **विहित समय को बढ़ाने की शक्ति.**—इन नियमों द्वारा किसी कार्य को करने या तत्प्रधान कोई कार्यवाही करने के लिए विहित समय, नियंत्रक द्वारा यदि वह उचित समझे और उन निबन्धनों पर जो वह निर्दिष्ट करे बढ़ाया जा सकता है ।

125. **कतिपय मामलों में नियंत्रक के समक्ष सुनवाई सार्वजनिक रूप से होगी.**—जहां पेटेन्ट के लिए किसी आवेदन या पेटेन्ट से संबंधित किसी मामले से संबंधित दो या दो से अधिक पक्षकारों के मध्य किसी विवाद या पेटेन्ट के संबंध में किसी मामले की सुनवाई नियंत्रक के समक्ष संपूर्ण विनिर्देश के प्रकाशन की तारीख के पश्चात् हो, विवाद की सुनवाई सार्वजनिक रूप से होगी जब तक कि नियंत्रक, विवाद के पक्षकारों, जो सुनवाई में या तो वैयक्तिक रूप से हाजिर हों या जिनका प्रतिनिधित्व किया जा रहा है परामर्श के पश्चात्, अन्यथा निदेश न दे ।

126. **दी इंडियन पेटेन्ट्स एण्ड डिजाइनस रूल्स, 1933 का निरसन और संशोधन.**—दी इंडियन पेटेन्ट्स एण्ड डिजाइनस रूल्स, 1933 जहां तक पेटेन्ट्स को लागू होते हैं, एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं, अर्थात् उक्त नियम पंचम अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति में संशोधित हो जाएंगे ।

प्रथम अनुसूची

(नियम 7 देखिये)

फीस

प्रविष्टि की संख्या	जिस पर संदेय है	पक्रम संख्या	उचित फीस
1	2	3	4
			रु० पै०
1.	अनंतिम विनिर्देश के साथ धारा 7 या 54 के अधीन पेटेन्ट के लिए आवेदन पर	1, 1क, 1ख, 1कख	20.00
पदार्थ को बनाने, उपयोग या प्रयोग करने, विक्रय करने या वितरण करने का/करने में पद्धति या प्रक्रिया का उपयोग या प्रयोग करने का और किसी अन्य व्यक्ति को, इस शर्त के अधीन रहते हुए कि इस पेटेन्ट की विधिमान्यता गारन्टीकृत नहीं है और यह कि उस पेटेन्ट के बने रहने के लिए विहित फीस समयकृत संदत्त कर दी गई है ऐसे करने के लिए प्राधिकृत करने का अनन्य विशेषाधिकार 19.....के/की .....के.....दिन से पांच वर्ष/सात वर्ष/चौदह वर्ष तक रहेगा।

उसके साक्ष्य के रूप में नियंत्रक ने इस पेटेन्ट को 19.....के/की .....के..... दिन के रूप में मुद्रांकित कराया है।

पेटेन्ट नियंत्रक

मुद्रांकन की तारीख.....

टिप्पण—पेटेन्ट को यदि बनाए रखना है तो इसके नवीकरण की फीस 19.....के/की..... दिन और तत्पश्चात् प्रति वर्ष उसी दिन देय होगी।

चतुर्थ अनुसूची

नियंत्रक के समक्ष कार्यवाहियों में अनुज्ञेय खर्च का मापमान

(नियम 126 का परन्तुक देखिए)

प्रविष्टि सं०	वह विषय जिसकी बाबत खर्चा दिया जाना है	रकम
		रु०
1	धारा 25, 57, 60, 63 और 78 के अधीन विरोध की सूचना के लिए	50.00
2	धारा 84(1), 86(1), 89(1), 93(5), 96(1) और 97(1) के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति या पेटेन्टों के पृष्ठांकन के आवेदन के लिए	60.00
3	धारा 92(2) 93(5) के अधीन विरोध की सूचना के लिए	50.00
4	सुनवाई के समय हाजिर होने के आशय की सूचना के लिए	50.00
5	जहां पेटेन्ट अभिकर्ता या अन्य व्यक्ति नियुक्त किया गया हो, वहां मुख्तारनामा के लिए स्टाम्प	वास्तव में संदत्त रकम
6	सुसंगत शपथपत्रों की बाबत स्टाम्प फीस	वास्तव में संदत्त रकम
7	नियम 36 के अधीन लिखित कथन के लिए	50.00
8	नियम 37 के अधीन उत्तर कथन के लिए	50.00
9	प्रत्येक शपथ-पत्र के लिए, यदि सुसंगत हो	25.00
10	किसी कार्यवाही में पेश की गई प्रत्येक	25.00
11	प्रत्येक अनावश्यक या असंगत शपथपत्र या प्रोद्धरण के लिए	25.00

पांचवीं अनुसूची

(नियम 127 देखिए)

भारतीय पेटेंट और डिजाइन नियम, 1933 में संशोधन

1. **नियम 1**—उपनियम (1) में "भारतीय पेटेन्ट और" को लुप्त कीजिए।

2. **नियम 2**—(i) खण्ड (क) में "भारतीय पेटेन्ट और" को लुप्त कीजिए।

(ii) खण्ड (ख) में "आविष्कार या" और "यथास्थिति" को लुप्त कीजिए।

(iii) खण्ड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा -

"(ग)" "नियंत्रक" से व्यापार और वाणिज्य चिह्न अधिनियम, 1958 (1958 का 43) की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त पेटेन्ट, डिजाइन और व्यापार चिह्न का महानियंत्रक अभिप्रेत है ;"

(i) खण्ड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा—

"(घ) 'कार्यालय' से पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) की धारा 74 में निर्दिष्ट पेटेन्ट कार्यालय अभिप्रेत है।"

3. **नियम 3**—उपनियम (2) में "पेटेन्टधारी को या" और "पेटेन्ट रजिस्टर या" और "यथास्थिति" को लुप्त कीजिए।

4. **नियम 4**—"पेटेन्टधारी या", "पेटेन्ट या" और "पेटेन्टधारी" को लुप्त कीजिए।

5. **नियम 5**—उपनियम (1) में "पेटेन्टों के अनुदान और", "पेटेन्ट और" तथा परन्तुक को लुप्त कीजिए।

6. **नियम 6**—परन्तुक को लुप्त कीजिए।

8. **अध्याय 2** को लुप्त कीजिए।

8. **नियम 48**—उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा,—

"(4) आवेदक, रजिस्ट्रीकृत स्वत्वधारी के प्रतिकथन की एक प्रति अपने को प्रतिदत्त किए जाने के पश्चात् अपने मामले के समर्थन में शपथ-पत्र के रूप में साक्ष्य कार्यालय पर दे सकेगा और उसकी एक प्रति रजिस्ट्रीकृत स्वत्वधारी को भी परिदत्त करेगा।

(5) रजिस्ट्रीकृत स्वत्वधारी, आवेदक का साक्ष्य अपने को परिदत्त किये जाने के पश्चात्, अपने मामले के समर्थन में शपथ-पत्र के रूप में साक्ष्य कार्यालय पर दे सकेगा और उसकी एक प्रति आवेदक को भी परिदत्त करेगा।

(6) आवेदक, रजिस्ट्रीकृत स्वत्वधारी के साक्ष्य की एक प्रति अपने को परिदत्त किए जाने के पश्चात् शपथ-पत्र के रूप में उत्तर साक्ष्य कार्यालय में दे सकेगा और ऐसे साक्ष्य की एक प्रति रजिस्ट्रीकृत स्वत्वधारी को भी परिदत्त करेगा।

(7) किसी भी पक्षकार द्वारा कोई भी अतिरिक्त कथन या साक्ष्य नियंत्रक की इजाजत या उसकी अपेक्षा पर के सिवाय नहीं दिया जाएगा।

(8) जहां धारा 51 के अधीन किसी आवेदन या उसके विरोध के संबंध में दाखिल किए गए किसी कथन या शपथपत्र में अंग्रेजी भाषा से भिन्न भाषा में की कोई दस्तावेज निर्दिष्ट की गई हो वहां उस दस्तावेज का अनुप्रमाणित अनुवाद दो प्रतियों में दिया जाएगा ।

(9) प्रतिकथन दाखिल करने के लिए या शपथपत्रों के रूप में साक्ष्य देने के लिए अनुज्ञात किया गया समय मामूली तौर से एक मास होगा जो समय को बढ़ाने की इच्छा करने वाले पक्षकार द्वारा दी गई अर्जी पर किए गए नियंत्रक के विशेष आदेश द्वारा ही बढ़ाया जा सकेगा ।

परन्तु इस प्रकार मंजूर किया गया समय का बढ़ाया जाना किसी भी दशा में कुल तीन मास से अधिक नहीं होगा ।

(10) उपनियम (3) से लेकर (8) तक में निर्दिष्ट कथन और साक्ष्य के दाखिल किए जाने पर ही या ऐसे अन्य समय पर जिसे वह विनिश्चित करे, नियंत्रक आवेदन की सुनवाई के लिए समय नियत करेगा और पक्षकारों को ऐसी सुनवाई की दिन से अन्यून की सूचना देगा ।

(11) यदि कोई भी पक्षकार सुने जाने की इच्छा करता होता तो वह सुनवाई में हाजिर रहने की अपने आशय की प्ररूप 7 में सूचना नियंत्रक को देगा ।

(12) यदि सुनवाई के समय किसी भी पक्षकार का किसी प्रकाशन को निर्दिष्ट करने का आशय है तो वह नियंत्रक और अन्य पक्षकार को ऐसे आशय की पांच दिन से अन्यून की सूचना देगा तथा उसके साथ जिस प्रकाशन को निर्दिष्ट करने का उसका आशय है उसके ब्योरे भी देगा ।

(13) सुने जाने की इच्छा करने वाले पक्षकार या पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात् या, यदि कोई भी पक्षकार सुने जाने की इच्छा नहीं करता है या सुनवाई के समय हाजिर नहीं रहता है तो बिना सुनवाई के नियंत्रक आवेदन और विरोध पर, यदि कोई हो, विनिश्चय करेगा तथा अपना विनिश्चय पक्षकारों को अधिसूचित करेगा"।

9. **अध्याय 4** के शीर्षक में पेटेन्ट **और** " को लुप्त कीजिए ।

10. **नियम 49** से लेकर 51 तक लुप्त कीजिए ।

11. **नियम 53**— "पेटेन्टधारी या" को लुप्त कीजिए ।

12. **नियम 54**— "पेटेन्ट को या, "पेटेन्ट, या" और "यथास्थिति" को लुप्त कीजिए ।

13. **नियम 56**— "पेटेन्ट का या" को लुप्त कीजिए ।

14. **नियम 58**— "रजिस्टर" के स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा और "पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिये ।

15. **नियम 59**—"पेटेन्ट और डिजाइन रजिस्टर" के स्थान पर डिजाइन रजिस्टर रखा जाएगा ।

16. **नियम 60**— "पेटेन्टों या" और "पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिए ।

17. **नियम 61**—(i) विद्यमान नियम को उसके उपनियम (1) के रूप में पुनः संख्यांकित कीजिए और इस प्रकार पुनः संख्यांकित किए गए उपनियम (1) में "पेटेन्ट रजिस्टर या" और "और ऐसे विरोध को निपटाने की प्रक्रिया नियम 20, 21 और 22 के उपबंधों द्वारा विनियमित की जाएगी" को लुप्त कीजिए ।

(ii) इस प्रकार पुनः संख्यांकित किए गए उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा—

"(2) विरोधी, विरोध की सूचना देने के चौदह दिन के भीतर दो प्रतियों में अपना लिखित कथन कार्यालय में देगा जिसमें वह अपने हित की प्रकृति, जिन तथ्यों पर वह अपना विरोध आधारित करता है उनको तथा जिस अनुतोष को वह चाहता है, उसको उपवर्णित करेगा ।

(3) नियंत्रक विरोध की सूचना की और लिखित कथन की एक एक प्रति आवेदक को भेजेगा ।

(4) नियम 48 के उपनियम (4) से लेकर (13) तक में विनिर्दिष्ट साक्ष्य देने और सुनवाई से संबंधित प्रक्रिया, यावत्शक्य धारा 64 के अधीन आवेदन की सुनवाई को इस प्रकार लागू होगी जैसे कि वे धारा 51क के अधीन किसी आवेदन की सुनवाई को लागू होती है ।"

18. **नियम 62**— उपनियम (3) के खंड (क) में, "अधिनियम की धारा 9, 10 (1क), 16 और 17 के अधीन अपीलों में," को लुप्त कीजिए ।

19. **नियम 63**—"रजिस्टर" के स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा । और "पेटेन्टों, विनिर्देशों" को लुप्त कीजिए ।

20. **नियम 63**—क को लुप्त कीजिए ।

21. **नियम 63**— ध को लुप्त कीजिए ।

22. **नियम 64**—"पेटेन्ट के लिए या" तथा "यथास्थिति अस्वीकृत या" को लुप्त कीजिए ।

23. **प्रथम अनुसूची**—

(i) प्रविष्टि संख्या 1 से लेकर 24 तक लुप्त कीजिए ;

(ii) प्रविष्टि संख्या 25 में, "पेटेन्ट न कराए गए किसी आविष्कार या" और "40 या" को लुप्त कीजिए;

(iii) प्रविष्टि संख्या 34 में "विनिर्देश आदि के (या का)" लुप्त कीजिए और "रेखाचित्र" के स्थान पर डिजाइनों के रूपणों की प्रतियां" रखा जाएगा

(iv) प्रविष्टि संख्या 37क को लुप्त कीजिए ;

(v) प्रविष्टि संख्या 41 और 43 में "पेटेन्ट का या", या इन नियमों के प्रवृत्त होने के" और "पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिए ;

(vi) प्रविष्टि संख्या 42 और 44 में "पेटेन्ट का या", "और इन नियमों का प्रवृत्त होने" और "पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिए ;

(vii) प्रविष्टि संख्या 45 में, "पेटेन्ट का या", "पेटेन्ट का अनुदान", "या इन नियमों के प्रवृत्त होके" और" पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिए;

(viii) प्रविष्टि संख्या 46 में, "पेटेन्ट का या", "पेटेन्ट का अनुदान", "और इन नियमों का प्रवृत्त होना" और "पेटेन्ट या" को लुप्त कीजिए ;

(ix) प्रविष्टि संख्या 48 में, "20 या" को लुप्त कीजिए ;

(x) प्रविष्टि संख्या 52 में, "5, 9, 10 (1क), 16, 17" को लुप्त कीजिए ।

24. द्वितीय अनुसूची में—

(i) प्ररूपों की सूची के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूपों की सूची रखी जाएगी:—

"प्ररूपों की सूची"

प्ररूप	अधिनियम की धारा या नियम	नाम
4	नियम 38क	समय बढ़ाने के लिए आवेदन ।
5	43, 69	अपील ।
6	नियम 61	विरोध की सूचना ।
7	नियम 48 या 61	सुनवाई के समय हाजिर रहने के आशय की सूचना ।
14	40, 32	किसी अरजिस्ट्रीकृत डिजाइन के आशयित प्रदर्शन या प्रकाशन की सूचना ।
15	43	डिजाइन के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन ।
16	78क	व्यतिकारी व्यवस्थाओं के अधीन डिजाइन के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन ।
17	43	किसी संवर्ग को लागू डिजाइन के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन ।
18	नियम 41	विनिश्चय के आधारों के लिए निवेदन ।
19	47	कापीराइट (प्रतिलिप्यधिकार) को बढ़ाने के लिए आवेदन ।
20	51	जब रजिस्ट्रीकरण संख्यांक दे दिया जाए तब जानकारी के लिए आवेदन ।
21	51	जब रजिस्ट्रीकरण संख्यांक न दिया जाए तब जानकारी के लिए आवेदन ।
22	51क	डिजाइन के रजिस्ट्रीकरण को रद्द करने के लिए नियंत्रक को आवेदन ।
23	नियम 53	नाम या रजिस्टर में तामील के लिए दिए गए पते या पतों में परिवर्तन करने के लिए निवेदन ।
24	20, 46	रजिस्टर में दो पतों की प्रविष्टियों के लिए निवेदन ।
25	63	रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए आवेदन ।
26	63	रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए आवेदन ।
27	नियम 58	रजिस्टर में दस्तावेजों की अधिसूचना की प्रविष्टि के लिए आवेदन ।
28	52	शुद्धि के लिए निवेदन ।
29	59 (नियम 63)	प्रमाणपत्र के लिए निवेदन ।
30	64	रजिस्टर की परिशुद्धि के लिए आवेदन ।
31	76	अभिकर्ता को प्राधिकार की शक्ति ।

(ii) सभी प्ररूपों के शीर्षक में—
भारतीय पेटेन्ट और को लुप्त कीजिए ;

(iii) प्ररूप 1, 1क, 1ख, 1ग, 1कग, 1गग, 1खग2, 2क, 2ग, 2कग, 3, 3क, 8, 9, 10, 11, 11क, 11ख, 11ख, 11ग, 12, 13 और 29क को लुप्त कीजिए ;

(iv) प्ररूप 4 में—

(क) "धारा 4क, 5, 10, 14 या नियम 11 या 38क" के स्थान पर "(नियम 38क देखिए)" रखा जाएगा ;

(ख) (क) से लेकर (घ) तक की मदें लुप्त कीजिए ;

(v) प्ररूप 5 में "धारा 5,9,10, (1क), 16, 17," और (क) से लेकर (झ) तक की मदें लुप्त कीजिए ;

(vi) प्ररूप 6 में—

(क) "धारा 9,15, 16 या 17 या नियम 25, 33 या 61" के स्थान पर "(नियम 61 देखिए)" रखा जाएगा ;

(ख) (क) से लेकर (ज) तक की मदों को लुप्त कीजिए ;

(ग) "पेटेन्टों" और "पेटेन्टों" को लुप्त कीजिए ;

(vii) प्ररूप 7 में, "धारा 9, 10(1क), 16, 17, 23घ(5), 24 या नियम 48 या 61" के स्थान पर "नियम 48 (ii) और 61 देखिए" रखा जाएगा ;

(viii) प्ररूप 14 में—

(क) "पेटेन्ट न कराये गए प्राधिकार या" को लुप्त कीजिए ।

(ख) "धारा 40 से 52" के स्थान पर "धारा 52" रखी जाएगी ;

(ग) मद (घ) में "भारतीय पेटेन्ट और" को लुप्त कीजिए ;

(ix) प्ररूप 23 में—

(क) "पेटेन्ट का या" और "————————की पेटेन्ट संख्या————————" को लुप्त कीजिए ;

(ख) "पेटेन्ट डिजाइन रजिस्टर" के स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ग) टिप्पण में "पेटेन्ट या 6" को लुप्त कीजिए ;

(x) प्ररूप 24 में—

(क) जिन दो स्थानों पर "पेटेन्ट डिजाइन रजिस्टर" आया है उनके स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ख) "20 या" और "————————की पेटेन्ट संख्या————————" को लुप्त कीजिए ;

(xi) प्ररूप 25 में,—

(क) जिन दो स्थानों पर "पेटेन्ट/डिजाइन रजिस्टर" आया है उनके स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ख) "————————को जिसका नाम———————— है अनुदत्त————————के पेटेन्टों (पेन्टेट) की संख्या————————का" को लुप्त कीजिए ;

(ग) हाशिए में के टिप्पण 2 और 3 को लुप्त कीजिए ;

(घ) पादटिप्पण में—

(क) "या भारतीय पेटेन्ट और डिजाइन नियम, 1933 का प्रवृत्त होना" को लुप्त कीजिए ;

(ख) "पेटेन्ट या" जहां कहीं भी आएं उन्हें लुप्त कीजिए ;

(xii) प्ररूप 26 में—

(क) जिन दो स्थानों पर "पेटेन्ट/डिजाइन रजिस्टर" आया है उनके स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ख) "————————को जिसका नाम————————है अनुदत्त————————के पेटेन्ट (पेटेन्टों) की संख्या————————का" को लुप्त कीजिए ;

(ग) हाशिए में के टिप्पण 3 और 4 लुप्त कीजिए ;

(घ) पादटिप्पण में—

(क) "या भारतीय पेटेन्ट और डिजाइन नियम, 1933 का प्रवृत्त होना" को लुप्त कीजिए ;

(ख) "पेटेन्ट या" जहां कहीं भी आएं उन्हें लुप्त कीजिए ।

(xiii) प्ररूप 27 में,—

(क) "पेटेन्ट/डिजाइन रजिस्टर" के स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ख) "29 या" और "पेटेन्ट (पेटेन्टों)" को लुप्त कीजिए ;

(ग) पादटिप्पण में,—

(क) "पेटेन्ट का अनुदान या" और "या भारतीय पेटेन्ट और डिजाइन नियम, 1933 का प्रवृत्त होना" को लुप्त कीजिए ;

(ख) "पेटेन्ट या" जहां कहीं भी आए उन्हें लुप्त कीजिए ।

(xiv) प्ररूप 29 में—

(क) "————————की पेटेन्ट संख्या————————" को लुप्त कीजिए ;

(ख) हाशिए के शीर्षक संख्या पर "1 डिजाइन का संख्यांक और वर्ग अन्तःस्थापित कीजिए" रखा जाएगा ।

(xv) प्ररूप 30 में,—

(क) "पेटेन्ट/डिजाइन रजिस्टर" के स्थान पर "डिजाइन रजिस्टर" रखा जाएगा ;

(ख) "पेटेन्ट/डिजाइन" के स्थान पर "डिजाइन" रखा जाएगा ;

(ग) हाशिए के शीर्षक संख्या 2 में "पेटेन्ट या का" को लुप्त कीजिए ।

25. तृतीय अनुसूची को लुप्त कीजिए ।

26. पांचवी अनुसूची में,—

(i) प्रविष्टि संख्या 1 में, "धारा 9, 16 और 17 तथा नियम 33 और 61" के स्थान पर "नियम 48 और नियम 61" रखा जाएगा ;

(ii) प्रविष्टि संख्या 2 और 3 को लुप्त कीजिए ;

(iii) प्रविष्टि संख्या 8 में "नियम 21 (1) या" को लुप्त कीजिए ।

(iv) प्रविष्टि संख्या 9 में "नियम 21 (2) या" को लुप्त कीजिए ।

[सं० फा० 33(1)—पी०पी० एण्ड डी०/71]

आर० के० तलवार, संयुक्त सचिव

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 1973

का. आ. 166.—यतः भारत सरकार के भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्रालय की 9 जनवरी, 1961, की अधिसूचना सं. 17-43/59-एम.-1 द्वारा केन्द्रीय सरकार ने निदेश दिया है कि भारतीय चिकित्सा अधिनियम, 1956 (1956 का 102) के प्रयोजनों के लिए यूनिवर्सिटी आफ इल्लिनोइस, संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा प्रदत्त एम. डी. चिकित्सा अर्हता मान्य चिकित्सा अर्हता होगी ;

और यतः डा. लोइस हेलीना विस्सचर को जिनके पास उक्त अर्हता है शिक्षण एवं धर्मार्थ कार्य के प्रयोजनों के लिए फिलहाल कासगंज, उत्तर प्रदेश स्थित क्रिश्चियन अस्पताल के साथ सम्बद्ध है ।

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (1) के परन्तुक के भाग (ग) का पालन करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा—

(1) पहली जुलाई, 1974 को समाप्त होने वाली दो वर्ष की और अवधि

अथवा

(2) उस अवधि की जब तक डा. लोइस हेलीना विस्सचर जो कासगंज, उत्तर प्रदेश स्थित क्रिश्चियन अस्पताल के साथ सम्बद्ध रहते हैं, जो भी कम हो, वह अवधि विनिर्दिष्ट करती है, जिसमें पूर्वोक्त डा. मेडिकल प्रैक्टिस कर सकेंगे ।

[प. सं. वी. 11016/21/72-एम.पी.टी.]

प्रकाश चन्द्र अरोरा, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING

(Department of Health)

New Delhi, the 2nd January, 1973

ORDER

S.O. 166.—WHEREAS by the notification of the Government of India in the late Ministry of Health No. 17-43/59 MI, dated the 9th January, 1961, the Central Government has directed that the Medical qualification, M.D. (University of Illinois, U.S.A.) shall be recognised medical qualification for the purposes of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956);

AND WHEREAS Dr. Lois Helena Visscher who possesses the said qualification is for the time being attached to the Christian Hospital, Kasganj, Uttar Pradesh for the purposes of teaching and charitable work;

NOW, THEREFORE, in pursuance of clause (c) of the proviso to sub-section (1) of section 14 of the said Act, the Central Government hereby specifies—

(i) a further period of two years ending on the 1st July, 1974, or

(ii) the period during which Dr. Lois Helena Visscher is attached to the said christian Hospital, Kasganj, Uttar Pradesh, whichever is shorter, as the period of which the medical practice by the aforesaid doctor shall be limited.

[No. V. 11016/21/72-MPT]

P. C. ARORA, Under Secy.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर, 1972

का. आ. 167.—पूर्त-अक्षय निधि अधिनियम, 1890 के मामले में और पुस्तकालय विज्ञान के लिए शारदा रंगानाथन अक्षय निधि के मामले में केन्द्रीय सरकार को, इसके साथ संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति को पूर्त-अक्षय निधि के खजांची में निहित करने के लिए एक आवेदन पत्र भेजा गया है, जो भूतपूर्व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एस. ओ. 3371 दिनांक 27 नवम्बर, 1963 (जो इसके बाद उक्त योजना कहलायेगी) के साथ प्रकाशित योजना के अनुसार अनुप्रयुक्त होगी ।

अतः अब, पूर्त-अक्षय निधि अधिनियम, 1890 (1890 के 6) की धारा 4 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा पूर्वोक्त आवेदन-पत्र पर, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा यह निर्देश करती है कि उक्त सम्पत्ति भारत के पूर्त-अक्षय निधि के खजांची, जो कार्यालय में उसके द्वारा तथा उसके उत्तराधिकारी द्वारा धार्य होगा, में निहित होगा और यह भी निदेश देता है कि उक्त सम्पत्ति और उसकी आय का उपयोग उपरोक्त योजना में निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जाएगा ।

अनुसूची

पुस्तकालय विज्ञान के लिए शारदा रंगानाथन अक्षय निधि की ओर से आवधिक जमा में तमिल नाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड मद्रास में उनके आवधिक खाते की रसीद संख्या 19022 दिनांक 22 अगस्त, 1972 द्वारा 50,000/- रुपये की पूंजी लगाई गई ।

[सं. एफ. 4-1/71-सी. ए. 1(3)]

ए. एस. तलवार, अवर सचिव

MINISTRY OF EDUCATION SOCIAL WELFARE

(Department of Culture)

New Delhi, the 29th December, 1972

S.O. 167.—*In the matter of the Charitable Endowments Act, 1890 and*

In the matter of the Sarda Ranganathan Endowment for Library Science.

WHEREAS an application has been made to the Central Government for vesting the property specified in the Schedule appended hereto in the Treasurer of Charitable Endowments for India, to be applied in accordance with the Scheme, published with the notification of the Government of India in the late Ministry of Education No. S.O. 3371, dated the 27th November, 1963 (hereinafter referred to as the said scheme);

NOW, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the Charitable Endowments Act, 1890 (6 of 1890), and upon the applications as aforesaid, the Central Government hereby directs that the said property shall vest in the Treasurer of Charitable Endowments for India to be held by him and his successor in office and directs that the said property and the income thereof shall be applied in accordance with the terms set out in the said scheme.

THE SCHEDULE

A sum of Rs. 50,000/- invested on behalf of the Sarada Ranganathan Endowment for Library Science in Fixed Deposit with the Tamil Nadu Industrial Investment Corporation Limited Madras *vide* their Fixed Deposit Receipt No. 19022, dated 22nd August, 1972.

[No F. 4-1/71-CAI(3)]

A. S. TALWAR, Under Secy.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1973

का. आ. 168.—सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950, (1950 का 64) की धारा 44 की उप-धारा (2) के खंड (एफ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम

(1) इन नियमों का नाम दिल्ली परिवहन निगम (सलाहकार परिषद्) नियम, 1973 होगा ।

(2) उक्त नियम, शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन होने की तारीख को लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं

इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "अधिनियम" से सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950 (1950 क 64) अभिप्रेत है,

(ख) "अध्यक्ष" से परिषद का अध्यक्ष अभिप्रेत है,

(ग) "निगम" से दिल्ली परिवहन निगम अभिप्रेत है,

(घ) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत संगठित सलाहकार परिषद् अभिप्रेत है,

(ङ) "उपाध्यक्ष" से परिषद् का उपाध्यक्ष अभिप्रेत है,

(च) "अवर उपाध्यक्ष" से परिषद् का अवर उपाध्यक्ष अभिप्रेत है,

(छ) "सचिव" से परिषद् का सचिव अभिप्रेत है ।

3. परिषद् का संगठन

(1) परिषद् के निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(क) निगम का अध्यक्ष, जो कि पदेन परिषद् का अध्यक्ष होगा ।

(ख) निगम का उपाध्यक्ष, जो कि परिषद् का पदेन अध्यक्ष होगा ।

(ग) निगम का महाप्रबंधक, जो कि परिषद् का पदेन अवर उपाध्यक्ष होगा ।

(घ) निगम के यातायात विभाग का प्रधान ।

(ङ) निगम के यान्त्रिक इंजीनियरी विभाग का प्रधान ।

(च) दिल्ली महानगर परिषद् का एक प्रतिनिधि ।

(छ) दिल्ली नगर निगम का एक प्रतिनिधि ।

(ज) दो संसद सदस्य ।

(झ) दिल्ली परिवहन निगम कर्मचारियों के दो प्रतिनिधि ।

(ञ) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली का एक विद्यार्थी प्रतिनिधि ।

(ट) दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के दो प्रतिनिधि ।

(ठ) दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपति द्वारा नामित उक्त विश्वविद्यालय की छात्राओं की ओर से एक प्रतिनिधि ।

(ड) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि ।

(ढ) श्रमिकों के दो प्रतिनिधि ।

(ण) मुख्य कल्याण अधिकारी, कर्मी विभाग, मंत्री मंडल सचिवालय, भारत सरकार ।

(त) दिल्ली कैंटोन्मेंट बोर्ड का एक प्रतिनिधि ।

(थ) दिल्ली पुलिस का एक प्रतिनिधि ।

(द) दिल्ली सार्वजनिक निर्माण विभाग का एक प्रतिनिधि ।

(ध) दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली का एक प्रतिनिधि ।

(न) परिवहन निदेशालय का एक प्रतिनिधि ।

(प) नई दिल्ली नगर पालिका का एक प्रतिनिधि ।

(फ) उपभोक्ताओं या किसी अन्य आवश्यक समझे गये हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा चार व्यक्तियों का नामांकन किया जाना है ।

(ब) दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण विभाग के डीन ।

(2) परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अवर उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा की जायेगी ।

4. **परिषद् के सचिव**

निगम एक सचिव की नियुक्ति करेगा जोकि, परिषद् के निमंत्रण और निदेशन के अंतर्गत, ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे और कर्तव्य निभाएगा जोकि उसे परिषद् या उसके अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किये जायेंगे ।

5. **परिषद् का सदस्य चुने जाने या बनाए जाने के संबंध में अयोग्यताएं :**

कोई व्यक्ति परिषद् का सदस्य चुने जाने या बनाए जाने के संबंध में अयोग्य होगा :—

(क) यदि वह विकृत चित्त है और इस बात की घोषणा किसी सक्षम न्यायालय द्वारा की जाती है ।

(ख) यदि उसे दिवालिया घोषित किया गया है, या

(ग) यदि नैतिक भ्रष्टता संबंधी किसी अपराध के कारण उसकी गिरफ्तारी की गई है, या

(घ) यदि प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः समाविष्ट कंपनी में निगम के साथ किसी वर्तमान करार या उसके लिये किये जा रहे किसी कार्य में उसका कोई हित हो (सिवाय हिस्सेदार के रूप में, न कि निदेशक के तौर पर), बशर्ते कि जहां वह हिस्सेदार है, वहां पर केन्द्रीय सरकार द्वारा उक्त कंपनी में उसके द्वारा धारित शेयरों की प्रकृति और सीमा के संबंध में केन्द्रीय सरकार को सूचना देगा, या

(ङ) यदि उसका किसी अन्य सड़क परिवहन उपक्रम या निगम में कोई वित्तीय हित है ।

6. **परिषद् के सदस्य, अवैतनिक हैसियत में काम करेंगे ।**

7. **कार्यावधि**

नियम 22 के उपबन्धों के अनुसार परिषद् का एक सदस्य उस अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिये पद पर रहेगा जिसके द्वारा उसे परिषद् का सदस्य नियुक्त किया गया है और वह पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होगा, बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार, आदेश द्वारा, दो वर्ष की उक्त अवधि के दौरान किसी सदस्य की सदस्यता को समाप्त कर देती है और उत्तराधिकारी की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना के प्रकाशन तक सेवा निवृत होने वाला कोई सदस्य कार्य करता रहेगा ।

8. **अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अवर उपाध्यक्ष या सदस्य द्वारा अपने पद से त्यागपत्र**

(1) केन्द्रीय सरकार को लिखित नोटिस देकर परिषद् का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अवर उपाध्यक्ष या सदस्य अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है ।

(2) परिषद् के सदस्य का पद उस तारीख से रिक्त हो जायेगा जबकि उसका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया जाता है या केन्द्रीय सरकार द्वारा त्यागपत्र की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की समाप्ति पर उक्त पद रिक्त हो जायेगा, दोनों में से जो भी पहले हो ।

9. **अस्थायी रिक्त स्थान**

परिषद् में आकस्मिक रिक्त स्थान केन्द्रीय सरकार द्वारा नई नियुक्ति द्वारा भरा जायेगा, बशर्ते कि इस प्रकार नियुक्त किया गया सदस्य उस अवधि के लिये पद धारण करेगा जिसके संबंध में वह सदस्य जिसका स्थान वह भरता है, यदि रिक्त स्थान न होता तो भी वह उस पद को धारण करता ।

10. **सदस्यों संबंधी रिक्त स्थान, जोकि परिषद् के अधिनियमों या कार्यवाहियों को अमान्य नहीं करते**

अपने सदस्यों के किसी रिक्त स्थान के होने के कारण ही, परिषद् का कोई भी अधिनियम या कार्यवाई अमान्य नहीं होगी ।

11. **परिषद् के कार्य**

परिषद् का कार्य सभी अथवा निम्नलिखित मामलों में से किसी पर निगम को सलाह देना होगा :—

(1) उन मार्गों से संबंधित प्रश्न जिन पर सेवाएं चलाई जाएंगी ।

(2) सेवाओं की आवृत्ति से संबंधित प्रश्न ।

(3) समय सारणियां ।

(4) यात्रियों के लिये सुविधाएं ।

(5) यात्रियों और माल के लिये स्टैन्डों, शेडों आदि का निर्माण और डिपुओं, उप-डिपुओं और बस स्टेशनों की स्थापना ।

(6) खंड (5) में निर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिये उपयुक्त स्थानों और भूमि की खरीद या अधिप्राप्ति ।

(7) निगम द्वारा चलाई जा रही सेवाओं से संबंधित कोई अन्य मामला जोकि निगम, परिषद् के सामने रख सकता है ।

12—परिषद् की बैठक के संचालन करने की प्रक्रिया

(1) परिषद् दो महीनों में कम से कम एक बार बैठक करेगी, और उपर्युक्त को छोड़कर परिषद् ऐसे समय और ऐसे स्थानों पर बैठक करेगी जिनका निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा ।

(2) परिषद् के सदस्यों के साथ परामर्श करके अध्यक्ष परिषद् की बैठकों के लिये तिथियों का निर्णय करेगा ।

(3) बैठक के लिये निर्धारित तारीख से कम से कम तीन दिन पहले सचिव, परिषद् के सभी सदस्यों को बैठकों की तारीख, समय और स्थान के बारे में सूचना भेजेगा,

बशर्ते कि उन बैठकों के विषय में कोई सूचना भेजना आवश्यक नहीं होगा जिनके लिये निर्दिष्ट तारीखें नियत की गई हैं ।

13—विशेष बैठक

(1) अध्यक्ष, लिखित मांग पर जोकि सात सदस्यों से कम द्वारा नहीं पेश की जायेगी, परिषद् की एक विशेष बैठक बुलाएगा बशर्ते कि किसी वर्ष में ऐसी तीन से अधिक विशेष बैठकें नहीं होंगी ।

(2) एक विशेष बैठक के लिये लिखित मांग के साथ उन विषयों की एक सूची भी संलग्न की जायेगी जोकि बैठक में चर्चा के लिये प्रस्तावित हैं और उसके साथ प्रत्येक विषय पर टिप्पणियां भी प्रेषित की जायें ।

(3) बैठक के लिये निर्धारित तारीख से कम से कम तीन दिन पहले सचिव, सदस्यों को विशेष बैठक की सूचना भेजेगा और उसके साथ कार्य सूची और टिप्पणियों की एक प्रति भेजेगा ।

14—कार्यसूची :

सचिव, द्वारा सदस्यों में बैठक की सूचना के साथ साथ साधारण तथा टिप्पणियों सहित कार्यसूची की प्रति, यदि हो, परिचालित की जायेगी ।

15—विशेष विषय :

नियम 12 में दर्ज सामग्री के बावजूद अध्यक्ष स्वयं या किसी सदस्य को परिषद् के विचारार्थ कोई ऐसा मामला रखने की अनुमति दे सकता है जो कि कार्यसूची में शामिल नहीं है और जिसके संबंध में परिषद् की सिफारिशों की तुरन्त आवश्यकता है तथा परिषद् ऐसी बैठक में इस विषय पर विचार करेगी ।

16—प्रस्ताव की सूचना :

कोई भी सदस्य जो कि किसी साधारण बैठक में कोई प्रस्ताव रखना चाहता है, एक संक्षिप्त टिप्पणी सहित ऐसे प्रस्ताव की सूचना तथा उसके समर्थन में कारणों का विवरण बैठक के लिये निर्धारित तारीख से कम से कम 15 दिन पहले सचिव को भेजेगा । उसकी प्राप्ति के यथाशीघ्र टिप्पणी सहित ऐसी सूचना की एक प्रति साधारणतया सदस्यों में परिचालित की जायेगी ।

17—सभापति के रूप में अध्यक्ष :

परिषद् की प्रत्येक बैठक का सभापतित्व अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष और उन दोनों की गैर हाजिरी में बैठक का सभापतित्व अवर उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में मौजूद सदस्यों में कोई एक उस बैठक का अध्यक्ष होगा जोकि सदस्यों द्वारा निर्वाचित किया जायेगा ।

18—कोरम :

अध्यक्ष सहित दस सदस्यों का कोरम होगा ।

19—कोरम के अभाव में बैठक का स्थगन :

(1) यदि बैठक के लिये निश्चित समय के आधे घंटे के अन्दर कोरम मौजूद न हो तो बैठक उस तारीख तक स्थगित कर दी जायेगी जिसका निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा ।

(2) यदि स्थगित बैठक में नियत समय से आधे घंटे के अन्दर कोरम मौजूद न हो तो उपस्थित सदस्य कोरम की अनुपस्थिति के बावजूद परिषद् के सामने कार्रवाई शुरू कर देंगे ।

20—बहुमत द्वारा प्रश्नों का फैसला किया जायेगा :

(1) बैठक में रखे गये सभी प्रश्नों पर, उपस्थित सदस्यों द्वारा बहुमत से फैसला किया जायेगा ।

(2) एक समान मतदान प्राप्त होने की हालत में अध्यक्ष को दूसरा या निर्णयात्मक मतदान प्राप्त होगा ।

(3) सचिव को परिषद् की चर्चाओं में भाग लेने का अधिकार होगा परन्तु उसे किसी बैठक में मतदान देने का अधिकार नहीं होगा ।

21—कार्यवृत्त :

(1) प्रत्येक बैठक की कार्रवाइयों का कार्यवृत्त सचिव द्वारा तैयार किया जायेगा और यथाशीघ्र उसे परिषद् के सदस्यों में परिचालित किया जायेगा तथा तत्पश्चात् उसे कार्यवृत्त पुस्तक में दर्ज किया जायेगा और उसे स्थायी रिकार्ड के रूप में रखा जायेगा ।

(2) प्रत्येक बैठक की कार्यवाही संबंधी कार्यवृत्त पर आगामी बैठक में अध्यक्ष के हस्ताक्षर होंगे, जब तक कि पिछली बैठक में मौजूद कोई सदस्य कार्यवृत्त के संबंध में इसलिये आपत्ति उठाता है कि उसे गलत ढंग से या अपूर्ण रूप से लिखा गया है और उस हालात में अध्यक्ष, बैठक में उपस्थित सदस्यों के मत से कार्यवृत्त में ऐसे संशोधन करेगा जिसे वह उचित समझेगा और फिर अध्यक्ष द्वारा संशोधित कार्यवृत्त की पुष्टि और उस पर हस्ताक्षर किये जायेंगे ।

22—पद की समाप्ति :

पदेन सदस्य के अतिरिक्त यदि कोई सदस्य अध्यक्ष की अनुमति बिना निरन्तर तीन बैठकों में अनुपस्थित रहता है तो उसकी परिषद् की सदस्यता समाप्त हो जायेगी ।

23—निःशुल्क बस पास :

परिषद् का प्रत्येक सदस्य दिल्ली के संघराज्य क्षेत्र में निगम द्वारा चलाई जा रही सेवाओं में यात्रा करने के लिये एक सर्व-मार्गीय निशुल्क बस पास प्राप्त करने का अधिकारी होगा ।

[सं. 15-टी. ए. जी. (15)/72]

एन. आर. रेड्डी, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

(Transport Wing)

New Delhi, the 6th January, 1973

S.O. 168.—In exercise of the powers conferred by clause (f) of sub-section (2) of section 44 of the Road Transport Corporations Act, 1950 (64 of 1950), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short Title:**

(1) These rules may be called the Delhi Transport Corporation (Advisory Council) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. **Definitions:**

In these rules, unless the context otherwise requires,

(a) 'Act' means the Road Transport Corporations Act, 1950 (64 of 1950);

(b) 'Chairman' means the Chairman of the Council;

(c) 'Corporation' means the Delhi Transport Corporation

(d) 'Council' means the Advisory Council constituted under section 17 of the Act;

(e) 'Junior Vice Chairman' means the Junior Vice Chairman of the Council;

(f) 'Secretary' means the Secretary of the Council;

(g) 'Vice Chairman' means the Vice Chairman of the Council.

3. **Constitution of the Council:**

The Council shall consist of the following members, namely:

(a) The Chairman of the Corporation, who shall be ex-officio Chairman of the Council.

(b) Vice-Chairman of the Corporation who shall be ex-officio Vice Chairman of the Council.

(c) General Manager of the Corporation, who shall be ex-officio Junior Vice Chairman of the Council.

(d) Head of the Traffic Department of the Corporation.

(e) Head of the Mechanical Engineering Department of the Corporation.

(f) One representative of the Delhi Metropolitan Council.

(g) One representative of the Delhi Municipal Corporation.

(h) Two Members of Parliament.

(i) Two representatives of the Delhi Transport Corporation workers.

(j) One student representative of the Jamia Milia Islamia, Delhi.

(k) Two representatives of boys students of Delhi University.

(l) One representative of the girl students of the Delhi University to be nominated by the Vice Chancellor of that University.

(m) One representative of Central Government employees.

(n) Two representatives of labour.

(o) Chief Welfare Officer, Department of Personnel, Cabinet Secretariat, Government of India.

(p) One representative of the Delhi Cantonment Board.

(q) One representative of the Delhi Police.

(r) One representative of the Delhi Public Works Department.

(s) One representative of the Delhi Development Authority.

(t) One representative of the Directorate of Transport, Delhi.

(u) One representative of the New Delhi Municipal Committee.

(v) Four persons to be nominated by the Central Government to represent users or any other interests considered necessary.

(w) Dean of Students Welfare, University of Delhi.

(2) The Chairman, the Vice Chairman, junior Vice-Chairman and other members of the Council shall be appointed by the Central Government.

4. **Secretary of the Council:**

The Corporation shall appoint a Secretary who shall, under the control and direction of the Council, exercise such powers and perform such duties as may be delegated to him by the Council or the Chairman.

5. Disqualifications for being chosen as or for being a member of the Council:

A person shall be disqualified for being chosen as, or for being, a member of the Council:—

(a) if he is of unsound mind and stands so declared by a competent Court; or

(b) if he has been adjudged an insolvent; or

(c) if he has been convicted of an offence involving moral turpitude; or

(d) if he has directly or indirectly, any interest in any subsisting contract made with, or in any work being done for, the Corporation (except as a shareholder not being a director) in an incorporated company, provided that where he is a share-holder he shall disclose to the Central Government the nature and extent of shares held by him in such company; or

(e) if he has any financial interest in any other road transport undertaking or corporation.

6. The members of the Council shall serve in an honorary capacity.

7. **Term of Office:**

Subject to the provisions of rule 22 a member of the Council, shall hold office for a period of two years from the date of the notification appointing him a member of the Council and shall be eligible for re-appointment, provided that the Central Government may, by order, terminate the membership of any member during the said term of two years and any out-going member shall continue in office until the notification of the appointment of his successor.

8. Resignation of office by the Chairman, the Vice-Chairman, the Junior Vice-Chairman or by a member

(1) The Chairman, the Vice-Chairman, the Junior Vice-Chairman or a member of the Council may resign his office by giving notice in writing to the Central Government.

(2) The office of a member of the Council shall fall vacant from the date on which his resignation is accepted or on the expiry of thirty days from the date of receipt of resignation by the Central Government, whichever is earlier.

9. **Temporary vacancies:**

A casual vacancy in the Council shall be filled by a fresh appointment made by the Central Government provided that

a member so appointed shall hold office for the period for which the member whose place he fills would have held office if the vacancy had not occurred.

10. Vacancies amongst members not to invalidate acts or proceedings of the Council.

No act or proceeding of the Council shall be invalid by reason only of the existence of any vacancy amongst its members.

11. **Functions of the Council:**

The functions of the Council shall be to advise the Corporation on all or any of the following matters:—

(i) questions relating to routes on which the services will be operated;

(ii) questions relating to frequencies of services:

(iii) time tables;

(iv) amenities for the passengers;

(v) the erection of stands, sheds for passengers and goods and the setting up of depots, sub-depots and bus stations;

(vi) the purchase or acquisition of sites and lands suitable for any of the purposes specified in clause (v);

(vii) Any other matter relating to the services operated by the Corporation, which the Corporation may place before the Council.

12. **Procedure for the conduct of the meeting of the Council.**

(1) The Council shall meet at least once in two months and save as aforesaid the Council shall meet at such times and at such places as the Chairman may fix.

(2) The Chairman may, in consultation with the members of the Council, decide on any specified dates for the meetings of the Council.

(3) The Secretary shall send intimation of the date, time and place of the meetings to all the members of the Council at least three days before the date fixed for the meeting:

Provided that it shall not be necessary to send intimation for meetings in respect of which specified dates have been fixed.

13. **Special Meeting:**

(1) The Chairman shall, on the written requisition of not less than seven members, call a special meeting of the Council provided however that there shall not be more than three such special meetings in any year.

(2) The written requisition for a special meeting shall be accompanied by a list of the subjects which are proposed to be discussed at the meeting with notes on each subject.

(3) The Secretary shall send intimation of a special meeting to the members at least three days before the date fixed for the meeting together with a copy of the agenda and of the notes.

14. **Agenda:**

A copy of the agenda with the notes, if any, shall ordinarily be circulated by the Secretary to the members alongwith the notice of the meeting.

15. **Special Subjects:**

Notwithstanding anything contained in rule 12, the Chairman may himself place or allow any member to place for the consideration of the Council any matter not included in the agenda on which advice or recommendations of the Council are urgently required and the Council shall consider the matter at such meeting.

16. **Notice of the proposition:**

Any member who desires to move any proposition at any ordinary meeting shall send notice of such proposition together with a brief note, setting out the reason in support of the proposition to the Secretary at least 15 days in advance of the date fixed for the meeting. A copy of such notice with the note shall ordinarily be circulated to the members as soon as possible after the receipt thereof.

17. **Chairman to preside:**

Every meeting of the Council shall be presided over by the Chairman and in his absence by the Vice Chairman and in the absence of both the Chairman and Vice-Chairman, by the Junior Vice-Chairman. In the absence of the Chairman, the Vice-Chairman and the Junior Vice-Chairman such one of the members present and chosen by them from amongst themselves shall be the Chairman for that meeting.

18. **Quorum:**

Ten members including the Chairman shall form a quorum.

19. **Adjourned Meeting for want of Quorum:**

(1) If, within half an hour from the time appointed for the meeting, the quorum is not present, the meeting shall be adjourned, to a date to be fixed by the Chairman.

(2) If at the adjourned meeting, the quorum is not present within half an hour from the time appointed for that meeting, the members present shall proceed to transact the business before the Council notwithstanding the absence of the quorum.

20. **Questions to be decided by majority:**

(1) All questions coming before a meeting shall be decided by the majority of the votes of the members present and voting.

(2) In the case of an equality of votes, the Chairman shall have a second or casting vote.

(3) The Secretary shall have the right of taking part in the discussions of the Council but shall not have the right to vote at any meeting.

21. **Minutes:**

(1) The minutes of the proceedings of every meeting shall be drawn by the Secretary and circulated to the members of the Council as early as possible and thereafter recorded in a minute book which shall be kept for permanent record.

(2) The minutes of the proceedings of each meeting shall be signed by the Chairman at a succeeding meeting, unless any member present at the previous meeting objects to the minutes as having been incorrectly or incompletely recorded, in which case, the Chairman after taking the sense of the members present at the meeting may make such amendments in the minutes as he thinks proper and the amended minutes shall then be confirmed and signed by the Chairman.

22. **Vacation of office:**

If any member, other than an *ex-officio member*, absents himself from three consecutive meetings, without the permission of the Chairman, he shall cease to be a member of the Council.

23. **Free bus pass:**

Every member of the Council shall be entitled to receive one all route free bus pass for travel by the services operated by the Corporation in the Union Territory of Delhi.

[No. 15-TAG(15)/72]

N. R. REDDY, Joint Secy.

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 1972

आदेश

का. आ. 169.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में मैसर्स श्री श्री लक्ष्मी नारायण भगवान ट्रस्ट की ईस्ट कुमारडुभी कौलियरी डाकघर चिरकुण्डा, जिला धनबाद के प्रबन्धतंत्र से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (संख्या 3) धनबाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

"क्या मैसर्स श्री श्री लक्ष्मी नारायण भगवान ट्रस्ट की ईस्ट कुमारडुभी कौलियरी, डाकघर चिरकुन्डा (धनबाद) के प्रबन्धतंत्र की श्री देवशरण सिंह, चपरासी एवं नाईट गार्ड को 20 अगस्त, 1972 से काम से रोकने की कार्यवाही न्यायोचित है? यदि नहीं, तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है?"

[संख्या एल/2012/131/72-एस.आर.-2]

MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 25th November, 1972

S.O. 169.—WHEREAS the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the management of East Kumardhubi Colliery of Messrs. Shree Shree Lakshmi Narain Bhagwan Trust, Post Office Chirkunda, District Dhanbad and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

AND WHEREAS the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal (No. 3), Dhanbad, Constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

Whether the action of the management of East Kumardhubi Colliery of Messrs. Shree Shree Lakshmi Narain Bhagwan Trust, Post Office Chirkunda (Dhanbad) in stopping from work Shri Deo Sharan Singh, Chaprasi-cum-Night Guard, with effect from the 20th August, 1972, is justified? If not, to what relief the workman is entitled?

[No. L/2012/131/72-LRII.]

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर, 1972

आदेश

का. आ. 170.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में पश्चिमी रेलवे से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है,

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है,

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित औद्योगिक अधिकरण (सं. 1), मुम्बई को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

"क्या पश्चिमी रेलवे के प्रबन्धमण्डल की, श्री अब्दुल रहीम, तार चपरासी, पश्चिमी रेलवे, कोटा को पदच्युत करने की कार्यवाही वैध और न्यायोचित थी? यदि नहीं, तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है?

[सं. एल. 41012/32/72/एल. आर.-3]

New Delhi, the 2nd December, 1972

ORDER

S.O. 170.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the Western Railway and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Industrial Tribunal (No. 1), Bombay constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

Whether the action of the management of Western Railway, in dismissing Shri Abdul Rahim, Telegraph Peon, Western Railway, Kota was legal and justified? If not, to what relief is the workman entitled?

[No. L. 41012/32/72/LRIII]

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर, 1972

आदेश

का. आ. 171.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में मैसर्स नेशनल कोल डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, की मोनीडीह प्रियोजना डाकघर मोनीडीह, जिला धनबाद के प्रबन्ध तन्त्र से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है,

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है,

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (संख्या 2) धनबाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

क्या मेसर्स नेशनल कोल डेवेलेपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड की मोनीडीह परियोजना, डाकघर मोनीडीह, जिला धनबाद के प्रबन्धतंत्र की श्री प्राबित कुमार पांडे को, कम्प्रेस्सर फिटर वर्ग-4 के पद से निचले ग्रेड में वेतन-मान के न्यूनतम वेतन पर कम्प्रेस्सर हेल्पर फिटर वर्ग-2 के पद पर लाने की कार्रवाई न्यायोचित है? यदि नहीं, तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है?

[संख्या एल/20012/92/72-एल.आर.-2]

करनैल सिंह, अवर सचिव

New Delhi, the 20th December, 1972.

ORDER

S.O. 171.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the management of Monidih Project of Messrs. National Coal Development Corporation Limited, Post Office Monidih, District Dhanbad and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal (No. 2), Dhanbad, constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Monidih Project of Messrs. National Coal Development Corporation Limited, Post Office, Monidih, District Dhanbad, in down-grading Shri Prabit Kumar Pandey from the post of Compressor Fitter Category-IV to the post of Compressor Helper Category-II, on the minimum of the pay scale, is justified? If not, to what relief is the workman entitled?"

[No. L/20012/92/72-LRII]

New Delhi, the 6th January, 1973

S.O. 172.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the following award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 3, Dhanbad, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Khas Dharmaband Colliery of Messrs Khas Dharmaband Colliery Company (Private) Limited, Post Office Malkera, District Dhanbad and their workmen, which was received by the Central Government on the 2nd January, 1973.

[No. 1/12/66-LRII.]
KARNAIL SINGH, Under Secy.

CENTRAL GOVT. INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT NO. 3, DHANBAD

Reference No. 67 of 1968

Present :

Shri B. S. Tripathi—Presiding Officer.

Parties :

Employers in relation to the Khas Dharmaband Colliery of M/s. Khas Dharmaband Colliery Company (P) Limited, P.O. Malkera, Dist. Dhanbad

AND

Their Workmen.

Appearances :

For Employers—Shri S. S. Kapoor, Advocate Shri B. Joshi, Advocate on behalf of Sethia Mining & Manufacturing Corporation Ltd.—added as a party as per Order No. 21 dated 9-4-70.

For Workmen—Shri P. K. Bose, Advocate.

Industry : Coal. **State :** Bihar.

Dhanbad, the 23rd December, 1972

AWARD

The Central Government in the Ministry of Labour, Employment & Rehabilitation, (Department of Labour & Employment) being of the opinion that an industrial dispute exists between the above-mentioned parties, by their Order No. 1/12/66-LRII dated the 1-12-66 referred the said dispute under Section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947 to the Central Government Industrial Tribunal, Dhanbad for adjudication of the matters specified in the schedule of reference. The schedule is as follows :—

SCHEDULE

Whether the action of the management of the Khas Dharmaband Colliery of M/s. Khas Dharamaband Colliery Company (P) Limited in refusing to treat the workmen, whose names and designations are given in the annexure, as permanent workmen, and thereby denying them the privileges available to permanent workmen of the colliery, was justified? If not, to what relief are the workmen entitled?

ANNEXURE

Sl.No	Name	Designation
1.	Shri Musafir Singh	Line Mazdoor
2.	,, Dasai Singh	Trammer
3.	,, Rampati Singh	Drilling
4.	,, Kirishan Bahadur	Night Guard
5.	,, T.S. Row	Tub Checker
6.	Shri Binon Kumar	Tub Checker
7.	,, Mukta Sirkar	Lamp Mazdoor
8.	,, Birjanandan Singh	Trammer
9.	,, Bisto Mahato	Line Mazdoor
10.	,, Karamchand Rewani	Timber Mazdoor
11.	,, Rameshwar Singh	Tub Checker
12.	,, Bhagirath Rajak	Lamp Mazdoor
13.	,, Ramain Gope	Body Searcher
14.	,, Ganpat Sah	Bailing Mazdoor
15.	,, Ramsaran Singh	Trammer
16.	,, Rambilash Mali	-Do-
17.	,, Tilak Rewani	Tub Loading Mazdoor
18.	,, Mahadeo Dusadh	Trammer
19.	,, Rameshwar Mahato	C.C.M. Helper
20.	,, Durjodhan Rewani	Line Mazdoor
21.	,, Rambilash Singh	Trammer
22.	,, Sarju Singh	C.C.M. Helper
23.	,, Suresh Ram	Dusting Mazdoor
24.	,, K.P. Mitra	Camp Lamp Repairer
25.	,, Upendar Rewani	Lamp Mazdoor
26.	,, Alkha Rajbhar	Dusting Mazdoor
27.	,, Janu Mahato	Tub unloading Mazdoor
28.	,, Ram Singhasan Singh	C.C.M. Helper
29.	,, Jogindar Modak	Pump Khalasi
30.	,, Chotu Mahato.	Drilling
31.	,, Ram Tunak Singh	Trammer
32.	,, Ch. Bhuban Rewani	-Do-
33.	,, Dhirja Mahato	Tub unloading Mazdoor
34.	,, Ramu Mahato	Onseter
35.	,, Tarachand Rewani	Drilling
36.	,, Jiban Mahato	Pump Khalasi
37.	,, Manu Rewani	Dusting Mazdoor
38.	,, Hardeo Singh	-Do-

Sl.No	Name	Designation
39.	Shri Hazai Mahato	General Mazdoor
40.	„ Gopi Gope	-Do-
41.	„ Gopichand Yadav	-Do-
42.	„ Meghu Mahato	-Do-
43.	„ Judopado Rewani	-Do-
44.	„ Akhtar Mian	-Do-
45.	„ Mahabir Rewani	-Do-
46.	„ Rameshwar Mahato	-Do-
47.	„ Shana Pandit	-Do-
48.	„ Muneshwar	-Do-
49.	„ Kalamath Gope	-Do-
50.	„ Bikarma Gope	-Do-
51.	„ Anirka Singh	-Do-
52.	„ Ramphal Mohali	-Do-
53.	„ Ram Awadhesh Singh	-Do-
54.	„ Dibnarain Yadav	-Do-
55.	Srimati Bifiya Chamain	Kamin
56.	„ Keshiya Chamain	-Do-
57.	„ Bhagiya Chamain	-Do-
58.	„ Tukri Chamain	-Do-
59.	„ Panwa Bhuiani	-Do-
60.	„ Sibiya Bhuiani	-Do-
61.	„ Dashni Bhuiani	-Do-
62.	„ Binda Kamarin	-Do-
63.	„ Mundri Kamarin	-Do-
64.	„ Santi Rewanin	-Do-
65.	„ Panwa Harin	-Do-
66.	„ Kuni Harin	Do--
